

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
RNI : RAJHIN13216/2005



पवित्र पुरुषोत्तम श्रावण मास के
तृतीय सोमवार
की हार्दिक शुभकामनाएं

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 361 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, सोमवार 24 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


# मानसूनः तेज बारिश से बीसलपुर-जवाई बांध का जलस्तर बढ़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर में रविवार को दिनभर गर्मी के बाद 4 बजे तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे पहले राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी जिलों में बीती रात कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर संभाग के जिलों में 2 से 4 इंच तक बरसात के कारण बांधों में भी पानी का लेवल बढ़ रहा है। जवाई बांध 70 फीसदी तक भर गया है। यहां लगातार पानी आ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में बारिश का सिस्टम अभी 3-4 दिन एक्टिव रहेगा। कई जगहों पर अलग-अलग दिन तेज बारिश हो सकती है।

पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो पाली, जैसलमेर, बाड़मेर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, उदयपुर, भीलवाड़ा समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात भीलवाड़ा के करेडा में 105टट दर्ज हुई। उदयपुर में तेज बारिश के कारण फतेहसागर झील का भी जलस्तर बढ़ गया।

**अब तक 90 फीसदी ज्यादा बरसातः** राजस्थान में मानसून के सीजन में अब तक सामान्य से 90 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में 1 जून से 22 जुलाई तक सामान्य बारिश 161.4टट होती है, लेकिन इस सीजन में अब तक 306.1टट हो चुकी है। बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, झालावाड़ को छोड़कर शेष जिलों में बारिश सामान्य से अधिक हुई है।

**अगस्त में छलक सकता है जवाई बांधः** पाली, भीलवाड़ा एरिया में तेज बारिश के कारण बीसलपुर, जवाई बांध के गेज में भी इजाफा हुआ। बीसलपुर बांध का गेज पिछले 24 घंटे में एक सेमी बढ़कर 313.52 आरएल मीटर तक पहुंच गया। जवाई बांध का गेज 15.95 मीटर से ऊपर चला गया। जवाई का फुल गेज 18.67 मीटर का है। वर्तमान में बांध 70 फीसदी भर चुका है। ऐसे में संभावना है कि अगस्त में बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आज मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, विदिशा, रतलाम, बैतूल, गोपालपुर होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमा के ऊपर बना हुआ है। इन दोनों सिस्टम के कारण अभी मध्य प्रदेश, राजस्थान के कई हिस्सों में मानसून एक्टिव है और अच्छी बरसात हो रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में एक नया लो प्रेशर सिस्टम और बनने की संभावना है।

### अगले 24 घंटे 7 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

जयपुर मौसम केंद्र से जारी आज के फोरकास्ट के मुताबिक 7 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। उदयपुर, प्रतापगढ़, कोटा, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा में तेज बारिश का अलर्ट है। पाली, जोधपुर, जालोर, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, राजसमंद, बूंदी, भीलवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है।

# सीमा से 18 घंटे पूछताछ, जांच एजेंसियां उलझन में

## पूछताछ के दौरान अचानक रोने लगती है; IQ और एटीट्यूड टेस्ट हो सकते हैं

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नोएडा।** क्या सीमा प्यार में पाकिस्तान से नोएडा आई? यह गुत्थी सुलझने के बजाय और उलझती जा रही है। वजह ये है कि हर सवाल का सटीक जवाब और कॉन्फिडेंस। सीमा ने 18 घंटे की पूछताछ में इस तरह से बेबाकी से जवाब दिया, जैसे उसे किसी ने ट्रेंड किया हो। एजेंसियों को शक है कि सीमा के भारत आने का मकसद कुछ और ही है। यही नहीं, इंटेरोगेशन के दौरान सीमा जिस कॉन्फिडेंस से जवाब दे रही थी, उसे देखकर लगता है कि वह अब भी काफी कुछ छिपा रही है। इसलिए अब जांच एजेंसियां सीमा का साइकोलॉजिकल टेस्ट करवा सकती हैं। इसे लेकर एजेंसियों के बीच मंथन चल रहा है।

एजेंसियां IQ, Attitude और साइकोलॉजिकल टेस्ट से सीमा के दिमाग को जांचेंगी। साथ ही सेक्सोलॉजिकल टेस्ट भी कराया जा सकता है। माना जा रहा है कि एजेंसियां टेस्ट की इजाजत के लिए जल्द ही कोर्ट जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अफसरों ने देखा कि सवालों से बचने के लिए सीमा अचानक रोने लगती है और फिर थोड़ी देर बाद ही मुस्कराकर जवाब देने लगती है। सचिन से सवालों पर यह कहती रही कि उसकी कोई गलती नहीं है, जो भी सवाल हैं, सचिन से पूछे जाएं। सबसे ज्यादा शक इस बात पर पैदा हो रहा है कि सीमा ने अभी तक किसी भी सवाल पर आपा नहीं खोया।

अक्सर देखा जाता है कि एजेंसियां जब भी अपनी तरह से पूछताछ करती हैं तो सामने वाले के पसीने छूट जाते हैं। इसके अलावा 18 घंटे की पूछताछ के 2 दिन बाद सीमा ने फिर से मीडिया में इंटरव्यू दिया। उसने उन लोगों को झूठा करार दिया, जिन्होंने सीमा के झूठ को प्रमाणित किया। इसमें बस सर्विस एजेंसी, नेपाल के होटल मालिक और पशुपति नाथ मंदिर का बयान शामिल है। फिलहाल, सीमा और सचिन दोनों ही बीमार हैं, जिनका इलाज रबुपुरा (ग्रेटर नोएडा) के डॉक्टर कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियों को लगता है कि कहीं न कहीं कोई है, जिसने सीमा को ट्रेंड किया है। सीमा का भारत आना, 50 दिन तक यहां रहना, फर्जी आधार कार्ड बनवाना, पकड़े जाना और बेल होना। पहले पुलिस फिर तमाम जांच एजेंसियों की पूछताछ में बेबाक जवाब और मीडिया से बातचीत के दौरान कहीं अटकना नहीं। सिर्फ रटी-रटाई बातें ही बताना। ये जानना काफी अहम है कि सीमा का आई क्यू लेवल कितना स्ट्रॉन्ग है।

## जयपुर के थाने में बंद युवक ने किया सुसाइड

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर के मुहाना थाने में बंद एक बंदी ने आज फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी साउथ योगेश गोयल और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान (40) खानवा निवाई निवासी ललित बैरवा के रूप में हुई हैं। ललित को पुलिस ने चोरी के मामले में 20 तारीख को गिरफ्तार किया था जिसे बाद में कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया था।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया- मृतक को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ चल रही थी। आज दोपहर मृतक ने कम्बल को काट कर फंदा बनाया। फिर बाथरूम की खिड़की पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक संतरी को ललित नहीं दिखाई दिया। उसने बैरक खोली तो देखा ललित ने फंदा लगाकर आत्महत्या की हुई थी।घटना की जानकारी मिलने पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। जिनकी मौजूदगी में फंदे से मृतक को नीचे उतारा गया। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतक के परिजनों के आने पर शव को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं, मजिस्ट्रेट को भी इस विषय में जानकार दे दी हैं। उन्होंने भी मौका देख लिया है। वह भी अपने स्तर पर इस मामले की जांच करेंगे।

### जयपुर में कच्छा बनियान गिरोह

## छह बदमाश हथियारों के साथ घूमते हुए दिखे



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर में कच्चा बनियान गिरोह के सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से इलाके में डर का माहौल हो गया है। फुटेज करधनी थाना इलाके में स्थित हाथोज फाटक गोकुल धाम सिरसी रोड की है। इसमें छह बदमाश घूमते दिख रहे हैं। अब तक फिलहाल किसी घटना की जानकारी पुलिस को नहीं मिली है, लेकिन एक कारखाने के सीसीटीवी में कैद हुई इस फुटेज ने लोगों में दहशत फैला दी है।

कारखाने के मालिक सत्य नारायण शर्मा ने बताया- 22 जुलाई की रात 3 बजे उनके परिचित दूसरे माले पर सो रहे थे। वॉश रूम के लिए उठे तो उन्होंने छह लोगों को मुंह पर कपड़ा बांध कर कॉलोनी से निकलते हुए देखा। जिस पर ध्यान दिया गया तो दिखाई दिया की कुल लोग कच्छा बनियान पहन कर सड़क पर घूम रहे थे। सभी ने कमर में हथियार बांध रखे थे। सुबह रिश्तेदार ने सत्य नारायण को इस बारे में बताया। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चैक किए। जिस में छह बदमाश हथियारों के साथ कॉलोनी में घूमते हुए दिखाई दिए। इस पर सत्य नारायण ने यह सीसीटीवी फुटेज पुलिस को और कॉलोनी के अन्य लोगों की दी। हालांकि अभी तक कही से भी कोई वारदात होने की जानकारी सामने नहीं हैं। लेकिन इन बदमाशों के मूवमेंट से इलाके के लोग डरे हुए हैं।

करधनी थाने के सीआई हीरालाल ने बताया- इस सीसीटीवी में दिखाई देने वाले बदमाशों को देख कर लग रहा हैं कि यह कच्छा बनियान गिरोह हो सकता हैं।

# डोटासरा बोले-सरकार रिपीट हुई तो आरएसएस को चैलेंज देकर निपटाएंगे

## राजेंद्र राठौड़ ने मूंगफली का ठेला भी लगाया क्या, 2000 करोड़ की प्रॉपर्टी कहां से आई?

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने RSS-BJP के साथ नेता प्रतिपक्ष पर बड़ा सियासी हमला बोला है। डोटासरा ने केंद्र और राजस्थान में सरकार बनने पर आरएसएस को निपटाने तक की चुनौती दे दी है। साथ ही नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के पास दो हजार करोड़ की संपत्ति होने का दावा भी कर दिया। डोटासरा रविवार को जयपुर ग्रामीण के कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा के चार्ज संभालने के मौके पर हुए समारोह में बोल रहे थे।

डोटासरा ने कहा- मैं आरएसएस के बारे में पिछले दिनों चूरू के सरदारशहर में कुछ बोल गया। मेरे तीन मोबाइल नंबर है, तीनों पर ढाई-ढाई हजार गालियां आई हुई हैं। यह कहते हैं हम राष्ट्रभक्त हैं, शर्म से डूब मरना चाहिए। मैंने गलत क्या कह दिया? मैंने यही तो कहा था कि आप चुनाव लड़े बिना राज कर रहे हो, पावर इस्तेमाल कर रहे हो। कांग्रेस की सरकार राजस्थान में आएगी और फिर 2024 में दिल्ली में आएगी तो फिर आरएसएस ढूंढने से मिल जाएगा क्या? इसमें अन्याय क्या कर दिया दिया भाई? अरे, हम तो निपटाएंगे, और चैलेंज देकर निपटाएंगे।

डोटासरा ने कहा- मुझे किसी ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ में विस्तारक घूम रहे हैं। इनके विस्तारकों को गांव के रास्ते तक तो मिलते नहीं है। क्या करेंगे इनके विस्तारक। असली विस्तारक तो जनता और कार्यकर्ता हैं। विस्तारकों से कुछ नहीं होने वाला है।

**राठौड़ के पास 2000 करोड़ की प्रॉपर्टी कैसे हुई?:** डोटासरा ने कहा- राजेंद्र राठौड़ क्या है? कभी मूंगफली का ठेला भी लगाया क्या, उनसे पूछिए उन्होंने क्या व्यापार किया? आज उनके पास 2000 करोड़ की प्रॉपर्टी कैसे हुई? सवाल पूछना पड़ेगा। इनमें दम है तो हमारी जांच भी करवा लीजिए, कौन मना कर रहा है? लेकिन हम कहेंगे कि बीजेपी के लोग भ्रष्ट और बेईमान है और देश को गुमराह कर रहे हैं। मुंह छिपाने से काम नहीं चलेगा। हमें इन्हें ठोककर जवाब देना पड़ेगा।

**कायर का ठप्पा लगाकर मरना नहीं चाहूंगाः** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- हमारे पास बोलने के अलावा है भी क्या? आदमी को अपना ओरिजिनल स्वभाव नहीं छोड़ना चाहिए। अगर छोड़ दिया तो लोग कहेंगे कि एक को अध्यक्ष बनाया था, पहले तो जोश-जोश में खूब बोला, लेकिन बाद में डर गया। भाई साहब, कायर का ठप्पा लगाकर मरना नहीं चाहूंगा, मरना सबको है एक दिन। मैं तो जब चाहे तब चाहे शहीद होने के लिए तैयार हूं, लेकिन बीजेपी और आरएसएस वालों को फूंक कर जवाब दूंगा। ये झूठे लोग हैं, निकम्मे हैं, फिर भी हम नहीं बोलते। इनके बारे में हमारे नेताओं को बोलना पड़ेगा।

डोटासरा ने कहा- बीजेपी वाले पोस्टर लगाकर कहते हैं, नहीं सहेगा राजस्थान। क्या नहीं सहेगा, तुम 25 निक्कमों को नहीं सहेगा। तुम्हारी झूठ, बेईमानी, नाकामी को नहीं सहेगा। महंगाई कम करने में नाकामी को नहीं सहेगा। बेरोजगारों के साथ की गई वादाखिलाफी को नहीं सहेगा। दादागिरी कर-के इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई से कुचलने का काम कर रहे हो, उसको नहीं सहेगा राजस्थान, क्या तमाशा लगा रखा है?

**नेता मत बनो व्यापारी बन जाओ, बोलने को नहीं कहेंगेः** डोटासरा ने कहा- कई नेताओं को कहते हैं कि भाषण दीजिए तो गले की तरफ हाथ कर देते हैं। क्यों भाई या तो नेता मत बनो, व्यापारी बन जाओ, कोई बोलने के लिए नहीं कहेगा। नेता बने हो तो बोलना पड़ेगा। अगर नेता हो तो आपको कहना पड़ेगा, यह जनता भी सुनना चाहती है कि मेरे लिए क्या किया और क्या करोगे? यह भी सुनना चाहती है कि निकम्मों ने क्या नहीं किया और क्या-क्या अत्याचार कर रहे हैं।

# 'जब तक घसीट कर मुझे सदन से बाहर नहीं किया जाएगा तब तक...', बोले राजेंद्र गुढ़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में इन दिनों एक नाम सुर्खियों में है और वो है पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का। गुढ़ा ने एबीपी लाइव से खास बातचीत में कहा कि सोमवार को विधानसभा में अब खुलकर बोलूंगा। पहले मंत्री था तो नहीं बोल पाता था अब विधायक हूं खुलकर बोलूंगा। मैं विधानसभा में तब तक रहूंगा जब तक घसीटकर मुझे नहीं निकाल देते।

विधायक राजेंद्र गुढ़ा ने कहा, "मैंने दो बार सरकार को बचाया है। दो बार 6-6 विधायक देकर अशोक गहलोत की सरकार को बचाया है और छोटी सी बात बोल दी तो मुझे बर्खास्त कर दिया। सदन में बोलने पर बर्खास्त किया गया है। इसलिए अब सदन में ही सारी बातें कहूंगा।" लाल डायरी के बारे में पूछने पर गुढ़ा ने कहा कि अब उसकी बात से कोई फायदा नहीं। अब तो सारी बातें सदन में बतानी हैं। इसकी तैयारी में लगा हूं।"

### 'रंधावा से एक बार हुई थी मुलाकात'

राजेंद्र सिंह गुढ़ा का कहना है कि हमारी प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से एक बार ही मुलाकात हुई है। उसके बाद कोई मुलाकात नहीं हुई है। गुढ़ा ने कहा कि दो-दो बार हमने गहलोत की सरकार को बचाया है। हमने कोई कीमत नहीं मांगी। कांग्रेस के लिए कई बार राज्यसभा के लिए वोटिंग भी की है और अब सरकार के काम का नहीं रह गया।"

### 'हाउस चल रहा था कोई साजिश नहीं'

विधानसभा में दिए बयान को लेकर राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा, "मैं सदन में बोल रहा था। उसके बाद कार्रवाई हुई है। ये तो मेरे मन में पीड़ा है। इसलिए अब सदन में ही अपने मन की पीड़ा कहूंगा। अध्यक्ष से समय मागूंगा और खुलकर बोलूंगा।" राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने राजेंद्र राठौड से सांठ-गांठ पर कहा कि कोई साजिश नहीं है। मेरी सीट पर बीजेपी से आमने-सामने लड़ाई होती है। वहां पर कांग्रेस फाइट में नहीं रहती है तो हम बीजेपी से लड़ते हैं। मैंने सरकार बचाई तो तब कांग्रेस ने नहीं कहा कि बीजेपी से मिला हुआ हूं। जब मैं कांग्रेस के लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से लड़ रहा था तो तब बीजेपी से मिले रहने का आरोप नहीं लगाया और अब बीजेपी से मिलने का आरोप बेबुनियाद और झूठा है।"

# अब तो मुख्यमंत्री गहलोत को जगाने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी




**कोटा ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी पी जोशी ने कोटा सर्किट हॉउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार में मातृशक्ति की सुरक्षा तो दूर की बात है, जो जनप्रतिनिधि सरकार को जगा रहा है, आईना दिखा रहा है वही सुरक्षित नहीं है। इतनी कठोर कार्यवाही राजस्थान की गरिमा तार तार करने वालों के विरुद्ध की होती तो राजस्थान सुरक्षित प्रदेश बन जाता। किन्तु गहलोत सरकार में राजस्थान की गरिमा को गिराने का ही काम किया। राजस्थान की जनता कांग्रेस के कुशासन को कतई सहन नहीं करेगी, हमेशा के लिए इसे सत्ता से विदा करके रहेंगे।

**'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान 1 अक्टूबर सेः** उन्होंने कहा मातृशक्ति का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान, किसानों की जमीन होती नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान जैसे अनेकों मुद्दों को लेकर भाजपा ह्यनहीं सहेगा राजस्थानह्ल अभियान चल रहा है, जिसके तहत 1 अक्टूबर को जयपुर में विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**कांग्रेस की करेंगे बिदाईः** प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने कहा कि गत 2018 चुनाव में मात्र डेढ़ लाख वोटों के ही अंतर से भाजपा ही पीछे रही थी। राजस्थान की जनता ने गहलोत सरकार की वायदा खिलाफी और कुर्सी युद्ध को सहा है। वह पूरी तरह से गहलोत सरकार को भारी अंतर से बिदाई कर भाजपा को विजयी बनाने को आतुर है।

# दिल्ली में यमुना फिर खतरे के निशान से ऊपर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर फिर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। रविवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जलस्तर सुबह 7 बजे 205.81 मीटर तक था, लेकिन शाम 4 बजे वाटर लेवल खतरे के निशान (205.33 मीटर) से ऊपर निकलकर 206.31 मीटर तक आ गया। रात 10 बजे वाटर लेवल 206.44 मीटर पर पहुंच गया।

निचले इलाकों में रहने वाले जो लोग पानी कम होने के बाद अपने घरों में लौट आए थे, प्रशासन ने उन्हें फिर राहत शिविरों में भेज दिया है। दिल्ली में शाम को कई इलाकों में बारिश हुई है।

शनिवार को हिमाचल के कुल्लू व शिमला में बादल फटने की घटनाएं हुईं, वहीं अलग-अलग हादसों में 7 मौतें भी हुई हैं। इससे प्रदेश में मानसून में मरने वालों की संख्या 154 हो गई है।

गुजरात के जूनागढ़ शहर में शनिवार को चार घंटों में हुई 10 इंच बारिश से बाढ़ आ गई। हालांकि बारिश बंद है, लेकिन कई इलाकों में अब भी पांच फीट तक पानी भरा हुआ है।

महाराष्ट्र के इर्शालवाड़ी गांव में लैंडस्लाइड के चार दिन बाद भी 57 लोग लापता हैं।

पूर्वानुमान> | सोम | मंगल | बुध | गुरु
---|---|---|---|---
28° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c
न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c

देश में गौवध पूर्णतया बंद हो, गौ माता को मिले राष्ट्रमाता का दर्जा

# मणिपुर की घटना बहुत ही शर्मनाक, ऐसे लोगों को मृत्यु दण्ड मिलना चाहिएः रामभद्राचार्य

## भजन संध्या में झूमे श्रोता, भजन गायकों ने दी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सालासर।(विनोद धायल)**धर्म स्थल सालासर बालाजी धाम बना हुआ है राममय, छ दिनों से चल रहे रजत जयंती महोत्सव में राम कथा सुनने के लिए दूर दराज से भक्त आ रहे है।कथा के छठे दिन पद्मविभूषण श्रीचित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से भक्तो को कथा का श्रवनपान दिलाया। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा की धोबी के कहने पर रामजी ने बनबास किया ये बात रामायण में लिखा हुआ ही नही है हमारे रामजी को बदनाम करने में लगे हुए है। मणिपुर की घटना पर रामभद्राचार्य ने कहा कि ऐसे लोगों को मृत्यु दंड मिलना चाहिए। विश्वामित्र ने कहा कि आतंकवादियों की कोई जात नहीं होती।कोई भी आतंकवादी हो उसको मारने में कोई पाप नहीं लगेगा। कश्मीर से 370 हटा दिया, हम जब तक विश्राम नहीं लेंगे जब तक पाक अधिकृत कश्मीर भारत को नहीं मिल जाता। इस देश का भी सम्मान नागरिक देश समझना चाहिए।देश में गोवध बंद होना चाहिए गोवंश को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए देश को राष्ट्रभाषा हिंदी चाहिए।इस दौरान श्रीबालाजी गौशाला संस्थान के संस्थापक महावीर पुजारी, अध्यक्ष रविशंकर पुजारी, जेपी पुजारी, सत्यप्रकाश पुजारी, अजय पुजारी (पंडित), धर्मवीर पुजारी, आशीष पुजारी सहित पुजारी परिवार मोजूद रहा। मंच संचालन विष्णु पारीक ने किया। भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी रविवार को गौशाला के रजत जयंती महोत्सव के दौरान रात्रि में विशाल भजन संध्या आयोजित हुई जिसमें देश के विख्यात भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा, सौरव शर्मा, शीतल पांडे, कन्हैया मित्तल, मनोहर पुजारी, अजय पुजारी सहित अनेक भजन गायको व पुजारी परिवार ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुतियां दी।



### ओडिशा के राज्यपाल ने सुनी कथा

ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल ने सालासर पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन कर उसके बाद वह सालासर बालाजी गौशाला पहुंचे जहां रजत जयंती महोत्सव में शरीक हुए और स्वामी रामभद्राचार्य जी आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा सुनी।राज्यपाल ने सम्बोधन के दौरान कहा कि मैने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी कथाए सुनी है। उन्होंने कहा कि राम तो जरूर अनेक हो सकते है मगर सीता अनेक नही हो सकती। उन्होंने कहा कि महाराज द्वारा चालाक जा रही यूनिवर्सिटी को में 10 लाख की कार भेंट करने की घोषणा की।बालाजी गौशाला संस्थान के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी सहित पुजारी परिवार ने राज्यपाल का हनुमान जी मूर्ति भेंट कर माला पहनाकर स्वागत किया।

### पंचाग

दिनांकः 24जुलाई 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 13:42:10 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | हस्त | 22:11:06 |
| योग | शिव | 14:49:48 |
| करण | तैतुल | 13:42:10 |
| करण | गर | 26:29:47 |
| चन्द्र राशि | कन्या | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:48:07 |
| सूर्यास्त | 19:18:21 | |
| चंद्रोदय | 11:13:10 | |
| चंद्रास्त | 23:13:31 | |
| राहू काल | 07:29 - 09:11 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 05:48 - 07:29 | शुभ |
| शुभ | 09:11 - 10:52 | शुभ |
| चर | 14:15 - 15:56 | शुभ |
| लाभ | 15:56 - 17:37 | शुभ |
| अमृत | 17:37 - 19:18 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

### छात्रावास प्रभारी द्वारा समस्त छात्रों को निःशुल्क दी गई मच्छरदानी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था ब्यावर के मेघवाल मेघवंशी छात्रावास रामसर बलाईयान में रहने वाले समस्त छात्रों को छात्रावास प्रभारी हरीश पलासिया द्वारा मच्छरदानी निःशुल्क दी गई।इस अवसर पर महासभा संस्था के संरक्षक हजारीलाल भाटी, अध्यक्ष भगवान सहाय जारोडीया, कोषाध्यक्ष भंवरलाल पलासिया, प्रवक्ता गुरुशरण गोयल,छात्रावास प्रभारी हरीश पलासिया, सुखदेव धोदावत, सुमेर मेघवाल, प्रह्लाद, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र जारोडीया, दिनेश कुमार पलासिया सहित छात्र उपस्थित थे। अध्यक्ष भगवान सहाय जारोडिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### नवनियुक्ति : रेनवाल थाना प्रभारी के रुप में सुरेश सिंह नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क



**मोना कुमावत/अणतपुरा (जोबनेर)** कस्बें निकटम किशनगढ़ रेनवाल थाना प्रभारी के रुप में नव नियुक्त सुरेश सिंह होने पर लोगों ने बधाई दी। सुरेश सिह ने कहा मैं किसी के साथ मत भेद नहीं करुँगा, सबसे के समान न्याय करुँगा ओर ईमानदारी से कार्य करुंगा।इस दौरान अणतपुरा समाजसेवी सिद्दार्थ बरी भादवा सरपंच प्रतिनिधि सीएम डोगीवाल, महेंद्र मीणा जेपी डोगीवाल खेमा राम बिजारणियां सहित समस्त आम जन ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

लोगो ने अघोषित बिजली कटौती का रोया दुखड़ा बोले- तीन-तीन दिन में लोगों को मिल रहा पानी

## बसेडी विधायक बैरवा ने लीलौठी, गौलारी में लोगो की सुनी जनसमस्याएं

*बैरवा ने बिजली निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार बोले - सरकार की योजनाओं का लोगो को मिले फायदा*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल ।** राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष एवं बसेडी विधायक खिलाडीलाल बैरवा ने सरमथुरा क्षेत्र का दौराकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए।बसेडी विधायक ने गौलारी व लीलौठी में ग्रामीणों की बिजली की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणो ने विधायक को बताया कि अघोषित बिजली कटौती के कारण क्षेत्र में तीन-तीन दिनो मे लोगो के घरो तक पानी पहुंच रहा है वही आठ दिन से विधुत आपूर्ति प्रभावित बनी हुई है।विधायक ने अधिकारियों को पाबंद करते हुए कहा कि बिजली व पानी की समस्याओं पर लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी। बिजली, पानी की समस्याओं को देख अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोड शेडिंग के कारण आठ दिन से ही समस्या पैदा हुई है फिर भी टीम विधुत व पानी की आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई है।इस दौरान विधायक ने गौलारी में विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। विधायक ने वनविभाग के अधिकारियों से लवकुश बाटिका की प्रोगेस रिपोर्ट लेकर दीपावली तक शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से लोगो को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य सरकार ने मंहगाई पर काबू करने के लिए गरीब व मध्यम वर्ग के लोगो को बहुत राहत दी है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उज्जवला योजना के पात्र परिवारों के लिए महज 500 में रसोई गैस सलेण्डर एवं चिरंजीवी योजना के अन्तर्गत 25 लाख तक के इलाज की सुविधा दी है जो गरीब व मध्यम वर्ग के लोगो के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को बिजली कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रति माह 100 यूनिट बिजली फ्री मुहैया करा रही है।अधिक से अधिक लोग सरकार की योजना से जुडकर लाभ ले सकते हैं। विधायक ने कहा कि विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। सरपंच गांव का विकास करने के लिए योजना बनाकर काम करेगे तो निश्चित ही गांव की तस्वीर बदल सकती है। विधायक बैरवा ने ग्रामीणो की मांग पर महुआ की झोर व खोटावारी में लोगो की समस्या सुनते हुए महुआ की झोर में बाउड्रीवाल कराने के लिए 5 लाख व लीलौठी में चौपाल का निर्माण कराने के लिए 6 लाख की राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर रैंजर अरविंद परमार, जेईएन हरिओम शर्मा, जेईएन मुकेश कुशवाहा, डॉ. जीएल मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष रामभरोसी मीणा, बीरवल मीणा, सुरेश गर्ग, नगर अध्यक्ष महावीर मंगल, प्रवीण मंगल, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे ।

### मदनलाल कुल्डिया दलेलपुरा बने हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष



सितारा न्यूज नेटवर्क

कुचामनसिटी( अनिल सिखवाल )। हिंदू युवा वाहिनी की प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन कुचामन विकास समिति में किया गया जिसमें प्रदेश से आए वाहिनी के पदाधिकारियों ने मदनलाल कुल्डिया की कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें भी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संतो ने वाहिनी एवं सभी सनातन धर्म प्रेमियों को धर्म के प्रति जागरूक रहकर समाज हित एवं गौ सेवा में समस्त जनों को जागरूक करने का आह्वान किया एवं वाहिनी का विस्तार संपूर्ण प्रदेश में तहसील स्तर पर हो एवं प्रत्येक घर से एक वाहिनी का कार्यकर्ता निकले जिससे सनातन धर्म के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी इसके साथ ही प्रदेश संयोजक के रूप में अर्जुन सिंह काग माला को दायित्व दिया गया इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी से केशव अरोड़ा, नागौर मठ मंदिर प्रमुख प्रह्लाद राय शास्त्री, मठ मंदिर तहसील प्रमुख शिवपुरी महाराज, सतीश जागा ,गोविंद चौधरी, शेर सिंह ,खेताराम, सुरेंद्र सिंह दीपपुरा, अनिल काला, होशियार सिंह, तहसील अध्यक्ष रवि भार्गव, नगर अध्यक्ष रूप सिंह राजपुरोहित, मीडिया प्रभारी गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, किशन भार्गव, राहुल जैन, बलवीर डोडवाडिया, एडवोकेट हीराराम गुर्जर ,चिरंजीव गिरी, हीराराम बिजारणिया ,देसी गुर्जर, गणपत सेन पलाड़ा, शिवपाल राम बिजारणिया, धारा सिंह डोड वाडिया ,राजेश कुल्डिया,मुकेश भगत, राजेंद्र सिंह शेखावत, लालाराम शेशमा, महेश भुगासरा, रवि मील, विकास सायत, सरवण सुंदरिया, तेजपाल स्वामी ,अनिल सिंह, हरफूल बलारा, कुशाल मुंडेल, राकेश शर्मा जाखली, रमेश कुल्डिया, राजू कुमावत, मुकेश कुमार, गंगाराम, पप्पू राम सेवदा ,विक्रम गिरी, विकास सोनी, विष्णु स्वामी रसाल ,रमेश सारण ,कमल शर्मा ,अश्वनी गुर्जर, राकेश गुर्जर, हरेंद्र कुल्डिया, प्रेमसुख शर्मा, कृष्ण कांत शर्मा, विजय कुल्डिया, उपेंद्र सिंह, विनोद कुमार, दिनेश राणा ,ओम प्रकाश स्वामी, हेमंत स्वामी, सुशीला कुल्डिया, लक्ष्मी गुर्जर, गोपाल गुर्जर सहित सभी कार्यकताओं ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व साफा पहनाकर मुंह मीठा करवाया तथा प्रशस्ति पत्र देकर कुल्डिया का सम्मान किया और खुशी जाहिर की मदनलाल कुल्डिया के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही शिक्षा नगरी सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई ।

# 'नही सहेगा राजस्थान' अभियान में पार्टी के लिए एकजुट नजर आए बीजेपी कार्यकर्ता





सितारा न्यूज नेटवर्क



**वी.पी.मीणा / बहरोड।** कस्बे में रविवार को नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत भाजपा कार्यकताओं ने 23 जुलाई की सुबह बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के काका मार्किट से बाइक रैली निकाली। इस बाइक रैली में भाजपा कार्यकताओं के अलावा युवाओं की भारी संख्या नजर आई। बाइक रैली का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेताओं ने कहा कि युवाओं की इतनी भारी संख्या से साफ जाहिर है कि जनता राज्य में सत्ता परिवर्तन चाहती है।सभी भ्रष्टाचार, कुशासन, महिला उत्पीड़न, आपराधों की सरताज कांग्रेस सरकार से आहत हैं। लोग सरकार की जनविरोधी नीतियों को अपने दुःख का कारण मानते हैं।पिछले 4 सालों में गहलोत सरकार और बहरोड़ के विधायक बलजीत यादव ने जनता को सिर्फ जूठे वादे दिए है।इन वादों की जमीनी हकीकत सिवाय विश्वासघात के और कुछ भी नहीं है।कांग्रेस सरकार व बहरोड़ विधायक को सत्ता से बाहर करने और भाजपा की सरकार लाने को जनता आतुर है। नेताओं ने सरकार की जन विरोधी नीतियों की निंदा की और जनता को जागरूक करने के लिए बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में जाकर कांग्रेस सरकार का "फेल कार्ड" को बांटा। इन सबके दौरान जनता ने उन्हें काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और भाजपा को पूर्ण बहुमत देने का वादा किया। इस दौरान ब्लॉक भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित समर्थक मौजूद रहे।

### योगेंद्र परसोया डॉ. राधेश्याम अटल ने किया रंधावा का स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर सिरसी रोड़ पर विधायक गोपाल मीणा के जयपुर जिला देहात अध्यक्ष बनने पर राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखबीर सिंह रंधावा के जयपुर आगमन पर सिरसी रोड पर वार्ड अध्यक्ष योगेंद्र परसोया डॉ. राधेश्याम अटल जिनेश राजोरिया ने रंधावा को सूत की माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया प्रभारी सुखबीर सिंह रंधावा सभी का स्वागत स्वीकार करते हुए धन्यवाद दिया और कहा हम सबको मिलकर कांग्रेस को मजबूत करना है इस मौके पर नीतू सिंह गोपाल चौधरी रामस्वरूप मुंडोतिया अभिषेक चौधरी मुकेश बसेटियां ताराचंद रूपनारायण सैनी कमलेश कुमार सुरेश कुमार रमेश मीणा यादराम अटल मांगीलाल सहित कांग्रेश कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ जिला जयपुर के तत्वाधान में...

### मीणा अधिवेशन का हुआ भव्य आयोजन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोन्यावाला में ध्यावण माता के मंदिर में रविवार को राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ जिला जयपुर के तत्वाधान में मीणा अधिवेशन का भव्य आयोजन किया गया इस मौके पर मीणा समाज द्वारा दहेज प्रथा को बंद व सामाजिक कार्य में संगठन और नुक्ता प्रथा भी बंद करने और भी कई तरह की समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करने को लेकर चर्चा की गई इस मौके पर जयपुर जिलाध्यक्ष डा. कन्हैया लाल मीणा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करना चाहिए और इस मौके पर राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एसटी मोर्चा राजस्थान के पुर्व प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा व भाजपा नेता नारायण मीणा ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज को एकजुट रहना है और समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करना होगा और इस दौरान बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा, भाजपा नेता महेंद्रपाल मीणा, गंगाराम मीणा ,हरसहाय मीणा ,किशन मीणा, रामकेश मीणा, मनोज मीणा ,रामोतार मीणा सहित कई समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद आश्रम में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा पुरुषोत्तमदास आश्रम से महंत प्रकाशदास महाराज व महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में 351 महिलाएं डीजे के साथ कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान आयोजनकताओं द्वारा कथा स्थल पहुंचे महंत तुलसीदास महाराज, केशवादास महाराज, गजेन्द्र ज्ञानपुरिया, भारती शर्मा, राजू प्रजापत आदि अतिथियो को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वही कथावाचक सुनीता बहन द्वारा श्रद्धालुओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया गया। साध्वी विदुषी बाई ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जायेंगी। कथा का समापन 30 जुलाई को भण्डारे के साथ होगा। इस मौके पर कानाराम सैनी, योगेश सैनी, पूर्व पंच रोहिताश सैनी, सोहन लाल, मनोहर लाल नायक, मुकेश शर्मा, राकेश सैनी, मोहन प्रजापत, वैद्य भवानीशंकर शर्मा, दिनेश सैनी, सुरेन्द्र शर्मा, कालू जोशी, सौरव शर्मा, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद बालकनाथ ने रैणी पंचायत समिति के गांवों का किया दौरा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर सांसद और राजस्थान के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष महन्त बालकनाथ योगी ने रविवार 23 जुलाई को रैणी-उपखंड क्षेत्र के परबैणी , डेरा, डगडगा, सैंथल प्रागपुरा, मुड़िया, भजेड़ा, रामपुरा, उकेरी, भूड़ा, दानपुर,रैणी,पाली गाँवो का दौरा कर जल जीवन मिशन व अन्य केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं के बारे मे आमजन को अवगत करवाया और अनेक कार्यों के लिए सांसद ने अपने निधि से विकास कार्यों के लिए फंड जारी किया। आमजन ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने के



लिए आने वाले चुनावों में भाजपा को समर्थन देने का वादा किया। इस दौरान सांसद महन्त बालकनाथ का एवं साथ मे अन्य सभी अतिथियो का क्षेत्र मे हर जगह पर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर अलवर सरस डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीना , विजय समर्थ लाल मीना , डॉ. श्यामसुंदर मीन विधानसभा राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, प्रेमनाथ धमानी, सुनीता मीना बबेली, गोरधन सिसोदिया , शिवलाल एडवोकेट, देवकरण मीना पूर्वप्रधान, राकेश शर्मा रैणी मण्डलअध्यक्ष, नरपत सिंह,बनवारी मीना, राजेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी डाक्टर श्याम सुंदर मीना व अलवर सरस डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीना के द्वारा दी गई है।

# पुरुषार्थी समिति जिला अलवर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 200 से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा /अलवर ।** पुरुषार्थी समिति जिला अलवर द्वारा आज मंगल परिणय में पुरुषार्थी प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं जिन्होंने 10 वीं 12 वीं में ज्यादा अंक प्राप्त किए ऐसे बच्चों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथिः पूर्व विधायक रामगढ़ ज्ञानदेव आहूजा अतिविशिष्ट अतिथि हर्ष त्रेहान प्रबंध निदेशक अपनाघर शालीमार विशिष्ठ अतिथि पूर्व उपजिला प्रमुख रमन गुलाटी व पूर्व नप सभापति अशोक खन्ना गोविंदराम मंगलानी श्लोक सिंह रोशनलाल बक्शी रहे। पुरषार्थी समिति जिला के अध्यक्ष कुलदीप कालरा ने बताया कि सम्मान समारोह के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं को सामने लाना व उन्हें उचित सम्मान देकर और लोगों को प्रेरित करना है। जिससे आने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़े इस पर हमारी समिति कार्य कर रही है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रो में जैसे राजनीतिक चिकित्सा सांस्कृतिक खेल कूद प्रेस,मीडिया में सफलता हासिल करने वाली प्रतिभाओं सहित विशेष योग्यता रखने वालों लाइफटाइम अचीवमेंट प्राप्त योग्यजनों व समाज के भामशाहों का भी सम्मान किया गया। समिति के महासचिव राजेश मक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम में 10 वीं 12 कक्षा के 100 से अधिक उच्च शिक्षा व चयन के 50 से अधिक रक्तवीर प्रेस व मीडिया राजनेतिक क्षेत्र सामाजिक एवं लाइफटाइम अचीवमेंट खेलकूद की 50 प्रतिभाओं सहित 200 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। डॉ विरातिया सेतिया का एमएस गाइनोक्लोजी डॉ आंचल छाबड़ा का एमडी मेडिसिन में चयन होने पर एकलव्या सेतिया का स्टेट लेवल पर कराटे में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मान किया गया। सभी प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज की वानी कालरा ने गणेश वंदना एवं दैविक गेरा ने मंगलगान और बालिकाओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में खूब तालिया बटोरी,बालिकाओं की एक बेहतरीन



सांकृतिक प्रस्तुति पर पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने उन्हें 1100 रुपए नकद देकर उन्हें पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में संरक्षक समाजसेवी हरमीत मेंहदीरत्ता महेंद्र तनेजा विशेष सलाह्का एवं समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश अरोड़ा दीवानचंद सेतिया सतीश भाटिया के एल अरोड़ा हरगोविंद मेंहदीरत्ता कोषाध्यक्ष राजेश सेतिया समन्वयक अशोक आहूजा के के मदान रमेश शर्मा कैलाश अरोड़ा जगदीश अरोड़ा (गिज्जा) अजय सहगल पूर्व उपसभापति देवेंद्र कौर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा जयराज मेंहदीरत्ता संयुक्त महा सचिव महेश खत्री बलदेव अरोड़ा राकेश छाबड़ा तेजुमल रामचंदानी समिति के प्रवक्ता विशाल गांधी अजय अरोड़ा राजू धवन संरक्षक सुदेश खांबरा पूर्व सभापति शकुंतला सोनी सुनीता खंबरा पार्षद प्रीतम मेंहदीरत्ता पूजा अरोड़ा राजाराम सोनी डा.श्रीराम मल्होत्रा संतोष कुमार अरोड़ा चरणजीत सुनेजा जोगिंदर कोचर हरिकृष्ण खत्री अभिषेक तनेजा श्यामलाल खत्री तनुज जसूजा डॉ राजेंद्र मालिक गुलशन आहूजा मदनलाल अरोड़ा सुदर्शन अरोड़ा भीमसैन कालरा जगदीश खुराना संदीप कालरा अनुराग जसूजा अलवर दी फुलकारी पंजाबी महिला क्लब की पदाधिकारी ग्रामीण पदाधिकारी व पुरुषार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं शहर से समाज के काफी संख्या में गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।मंच संचालन सुरेश नागपाल व दर्शन आरोड़ा ने किया।

## तंबाकू को 'ना' की प्रतिज्ञा लेनी होगी : शंकर कुमावत

***खुद पर प्रयोग ना करें, करने वालों को ही देख, लें सबक***



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** तंबाकू का खुद पर प्रयोग ना करें, प्रयोग करने वालों की दुर्दशा को देख कर ही तंबाकू को ह्यह्य ना ह्यह्य कहने की प्रतिज्ञा लेनी होगी। यह बात शनिवार को एस आई चिल्ड्रन एकेडमी सी सै स्कूल एवं कम्प्युटर कॉलेज हिंगोनियां निदेशक शंकरलाल कुमावत ने बच्चों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम के तहत कही। निदेशक कुमावत ने बच्चों को



संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वालों का जीवन बर्बाद हो जाता है। तम्बाकू सेवन के कारण महिलाओं में फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, सांस की बीमारी, प्रजनन सम्बन्धी विकार, निमोनिया, माहवारी से जुड़ी समस्याएं ज्यादा होती है। महिलाओं में इन तमाम जोखिमों के अलावा प्रीमेच्योर मेनोपोज, स्पॉन्टेनियस एबॉर्शन, सर्विकल कैंसर का जोखिम होता है। कुमावत ने बडी स्क्रीन पर बच्चों को तंबाकू से होने वाली कई घातक बीमारियों जैसे 1. सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) 2. कैंसर, 3. आघात, 4. हृदय रोग, 5. अस्थमा, 6. समय से पहले जन्मे शिशुओं का जन्म के समय वजन कम होना, 7. प्रजननात्मक प्रभाव, 8. आंखों की समस्या, 9. मधुमेह, 10. दांतों की समस्या आदि के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। कुमावत ने बच्चों को उनके घातक परिणामों से बचने के उपाय बताते हुए जीवन में कभी भी धुम्रपान ना करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर बच्चों के साथ संस्था के सभी शिक्षाविद मौजूद रहे।

### भाजपा के राज में ब्यावर का विकास हुआ अवरुद्ध

## भाजपा नेताओं की लड़ाई में उलझा शहर का विकासः अजय शर्मा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** एक प्रेस वार्ता के दरमियान रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर देहात के जिला प्रवक्ता अजय शर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा है कि भाजपा नेताओं की लड़ाई में ब्यावर शहर का विकास उलझ कर रह गया है एक तरह से देखा जाए तो विकास के बजाय भाजपा राज में ब्यावर का बेड़ा गर्क ही हुआ है । अजय शर्मा ने यह भी कहा है कि जिला बनाने का श्रेय केवल यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को है जिन्होंने 20 वर्षो से कांग्रेस का विधायक न होने के बावजूद भी राजनीतिक भेदभाव नहीं रखते हुए जन भावनाओं का सम्मान किया है, और जिला बनाकर ब्यावर की उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को पंख दिए हैं । पिछले 20 वर्षो में जिस विश्वास और उम्मीद के साथ जनता ने भाजपा के जिन नेताओं को चुनकर विभिन्न सदनों में भेजा है उन्होंने ही भरोसे को तोड़ा और जनता को बेबसी तथा बदहाली में रहने को मजबूर कर दिया है । भाजपा के विधायक शंकर सिंह रावत ने क्षेत्र के बजाय खुद के विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है । शहर की सड़कों की दुर्दशा की स्थिति से भी सभी परिचित हैं साथ ही है खुलेआम सड़कों पर सड़के बनवाई जा रही है ताकि भ्रष्टाचार की गंदगी को दबाया जा सके । यह शुद्ध भ्रष्टाचार का बड़ा सबूत है मीडिया से रूबरू होते हुए शर्मा ने यह भी कहा है कि कभी कपड़ा मिलो के कारण मैनचेस्टर कहा जाने वाला औद्योगिक शहर ब्यावर आज बदहाली के कगार पर खड़ा है दमदार नेतृत्व के अभाव में बंद हो गई, मिले धीरे-धीरे आवासीय बस्तियों में बस रही है और उन में बसने वाले रोजगार के अभाव में भटक रहे हैं । नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद ब्यावर के दलपत राज मेवाड़ा का कहना है कि पिछले 20 वर्षो से भाजपा ने तो ब्यावर शहर के विकास का बेड़ा गर्क किया है, भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके विधायक महोदय की पोल एक घड़ी ने खुलेआम खोल दी है जिस तरह वर्षो से बंद घड़ी को चलाने के लिए 7.50 लाख की लूटकर वाहवाही लूटी गई वही घड़ी 4 दिशाओं में चार तरीके समय बता रही है क्या घड़ी ठीक करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई विधायक महोदय ने क्यों नही की है मेवाड़ा का यह भी कहना है कि विधायक महोदय बीते 9 सालों में ब्यावर नगर परिषद में भ्रष्टाचार को शरण देकर ब्यावर के विकास को ठप कर रखा है, इनके कार्यकाल में एक पूर्व सभापति और दो पार्षदों को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया परंतु विधायक महोदय खुलेआम ऐसे लोगों को साथ लेकर घूमने में संकोच भी नहीं करते क्योंकि इनके काले कारनामों में शायद भागीदारी होगी । पूर्व सभापति गोविंद पंडित ने भी प्रेस वार्ता के दरमियान मीडिया से रूबरू होते हुए कहा है कि मास्टर प्लान की धज्जियां उड़ रही है अवैध निर्माण तेजी से हो रहे हैं शहर में कोई भी पर्यटन स्थल, सेंट्रल पार्क,चौपाटी जैसी सुविधाएं विकसित नहीं हो सकी है क्या विधायक महोदय शहर के विकास के लिए जिम्मेदार नहीं हैं । एलईडी लाइटों का भाजपा शासन में टेंडर हुआ लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ , आवारा पशुओं के लिए कोई योजना नहीं है, कचरा डिपो के स्थान का निस्तारण आज तक नहीं हो सका

लेकिन सब जनता के सामने हैं इसका जवाब आने वाले चुनाव में जरूर मिलेगा भू माफियाओं को संरक्षण देने वालों को जनता अब नहीं चुनेगी उक्त प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रवक्ता अजय शर्मा, पूर्व सभापति गोविंद पंडित, पूर्व सभापति व पार्षद कमला दगदी, पार्षद दलपत राज मेवाड़ा, राम भाई सेन, विक्रम सोनी, सरस्वती शर्मा, संतोष साहू, विकास दगदी, गिरधारी पोपावत, अजय मूंदड़ा, भरत बन्दीवाल, राकेश साहू, मोहम्मद इमरान, जिला महासचिव अजमत काठात, रवि डंडायत, जितेन्द्र सिंह राजावत, अभिषेक रुनिवाल, प्रशान्त प्रजापति, चिराग राय शर्मा, वृतन्जय आर्य उपस्थित रहे।

# उपवन सोसायटी गेट पर लोगों का हंगामाः सुरक्षा में चूक और गार्ड के साथ मारपीट को लेकर प्रदर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**वी.पी.मीणा / बहरोड़।** कस्बे के नेशनल हाईवे 48 पर आशादीप ग्रुप की उपवन सोसायटी के मेन गेट पर रविवार को लोगों ने जमकर हंगामा किया। लेकिन काफी देर बाद भी जब मैनेजमेंट कमेटी का कोई प्रतिनिधि गेट पर नहीं पहुंचा, तो बड़ी संख्या में लोग और महिलाएं ऑफिस पहुंच गए। जहां उन्होंने धरना देना शुरू कर दिया। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि रविवार का अवकाश होने से अधिकांश जिम्मेदार प्रतिनिधि बाहर गए हुए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।सोसायटी के अनिल चौहान ने बताया कि शनिवार रात 12 बजे सोसाइटी में किराए में रहने वाले एक युवक तेज गति से अपनी कार लेकर मेन गेट पर पहुंचा। जहां सुरक्षा गार्ड ने उसे रोकते हुए कार को धीरे चलाने की बात कही। युवक यहां गार्ड के साथ बदतमीजी करते हुए गाली गलौज करते हुए अपने किराए के फ्लैट में चला गया और माता-पिता को जानकारी दी। फिर उसके माता-पिता गार्ड के पास आए और उसके साथ बदतमीजी की, हाथापाई और मारपीट की गई। हल्ला सुनकर जो सोसाइटी के लोग आए तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। सोसायटी के लोगों ने सभी को समझा-बुझाकर मामले को शांत कर दिया। लेकिन उसके कुछ देर बाद दो मोटरसाइकिल पर 10 युवक शराब के नशे में सवार होकर आए। जिन्हें रोककर टोका गया तो उन्होंने सोसाइटी में घूमने की बात कही। हालांकि वे मौका देकर वहां से निकल गए। लेकिन मेन गेट पर सुरक्षा गार्ड ने दो बाइकों पर सवार होकर आए 10 युवकों को रोका नहीं। जिससे नाराज सोसाइटी के लोग आशादीप ग्रुप के कार्यालय पहुंचे और यहां मैनेजमेंट से बात करना चाहा, लेकिन यहां कोई उपस्थित नहीं था। जिसके बाद वे सोसाइटी के मैन गेट पर पहुंचे और यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए गेट बंद कर दिया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। प्रबंध समिति का सदस्य नहीं पहुंचने पर लोग ऑफिस में आकर धरने पर बैठ गए। जिसके बाद मेंटेनेंस इंचार्ज मुकेश यादव पहुंचे। उन्होंने समझाइश करते हुए किराएदार से फ्लैट खाली करवाने और सुरक्षा कड़ी करने का भरोसा दिलाया।

सोसायटी के लोगों का आरोप है कि लाखों रुपए खर्च कर उन्होंने फ्लैट खरीद किया। प्रति महीने मेंटेनेंस का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही। रात को अपराधिक प्रवृत्ति के युवाओं के आने की सूचना दी गई तो मैनेजमेंट ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया की इस मामले में हमारा कोई लेना देना नहीं है। जिस व्यक्ति ने अपने फ्लैट को किराए पर दे रखा है, आप उसी से बात कीजिए और थाने में मामला दर्ज करवाएं। ऐसे में सोसाइटी प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से दूर भाग रहा है। प्रदर्शन के दौरान महेश गुर्जर, अनिल चौहान, राहुल शर्मा, पूर्ण चंद मीणा, नवीन कुमार, दीपक सिंह, मोहनलाल, भूपेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, तेजपाल यादव, रविंद्र यादव, प्रवेश रावत, आनंद शर्मा, दीपक गुप्ता, विक्रम सिंह, पुष्कर योगी सहित बड़ी संख्या में सोसाइटी के लोग और महिलाएं मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# संसद चलेगी, तभी कोई अपनी बात रख सकेगा

संसद नहीं चलने देने से किसी का भला नहीं होगा। संसद चलेगी, तभी विपक्ष भी अपनी बात रख सकेगा। हाल के वर्षों में संसद ठप करना एक ट्रेंड बन गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले भाजपा विपक्ष में थी तो संसद में व्यवधान पैदा करती थी, अब कांग्रेस समेत अनेक दल विपक्ष में हैं तो वो संसद नहीं चलने दे रहे हैं। हंगामा, नारेबाजी, शोरगुल, हूटिंग, नहीं बोलने देना आदि संसद में सांसदों के कृत्य बन गए हैं। हर बार सत्र शुरू होने से पहले सरकार विपक्ष के साथ सर्वदलीय बैठक करती है, विपक्षी दलों से सहयोग की अपील करती है, विपक्ष भी सार्थक संसद सत्र का आश्वासन देता है और अगले दिन जब सत्र शुरू होता है, विपक्ष संसद को ठप कर देता है। देश इस सबसे उब चुका है। विपक्ष जिन मुद्दों पर बहस या बयान की मांग कर संसद में हंगामा करता है, या संसद नहीं चलने देता है, अगर उन मुद्दों पर सच में वह सदन में बहस चाहता है तो यह तभी संभव है, जब संसद चले। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि 'लोकतंत्र के मंदिरों में व्यवधान और हंगामे को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार नहीं बनाया जा सकता।' केवल हंगामा मचाना कहीं से भी संसद या लोकतंत्र का सम्मान नहीं है। मणिपुर की वीडियो घटना ने निश्चित रूप से देश को शर्मसार किया है, इस पर विपक्ष चाहता है कि संसद में बहस हो और सरकार भी कह रही है कि वह विपक्ष की हर मांग पर चर्चा को तैयार है, तो यह तभी हो पाएगा, जब संसद सुचारू रूप से चलेगी। संसद सत्र आहूत होने के बाद हर दिन करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, ऐसे में सांसदों का दायित्व है कि वह संसद के संचालन में सहयोग करें, केवल पार्टी पॉलिटिक्स के लिए संसद सत्र को बेकार नहीं किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि संसद के सुचारू व नियमित संचालन के लिए कुछ कठोर नियम बनाए, जो लगे कि भारत की 21वीं सदी की संसद है। सत्ता पक्ष को भी विनम्र व लचीला रुख अपनाना चाहिए और विपक्ष की मांगों के प्रति उदार रवैया रखना चाहिए। विपक्ष की मांगों को खारिज करने की प्रवृत्ति भी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। सांसद जन प्रतिनिधि हैं, इस नाते वे संवैधानिक रूप से संसद के प्रति बंधे हुए हैं। संसद से दलगत राजनीति नहीं होनी चाहिए। संसद सत्र विधेयक पर चर्चा करने, राष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श करने, नया कानून बनाने आदि के लिए आहूत होते हैं, लेकिन इसे हंगामा व नारेबाजी का मंच बना देने से इसकी उपयोगिता व्यर्थ हो जाती है। 2014 से अब तक कांग्रेस ने शायद ही किसी संसद सत्र को सुचारू चलने दिया हो। सरकार की अपील पर विपक्ष को गौर करना चाहिए, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जो कहा है कि "लोकतंत्र जनता की भलाई के लिए संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस को कहा जाता है, इस पर भी विपक्ष को ध्यान देना चाहिए। केवल हंगामा या नारेबाजी करने से ही मुद्दों का राष्ट्रीयकरण हो सकता है, यह सोच ही बेमानी है। अभी जबकि देश मणिपुर की लोमहर्षक घटना से आक्रोशित है, वहां हिंसा व उपद्रव को लेकर अफवाह व फर्जी खबरों या फेक वायरल वीडियो आदि से फिर से हिंसा भड़कने का खतरा विद्यमान है, तो ऐसे में इस संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना कतई उचित नहीं है। मणिपुर के बाद पश्चिम बंगाल की घटना भी शर्मनाक है। महिलाओं के उत्पीड़न पर चाहे राजनीति भाजपा करे या कांग्रेस, दोनों गलत है। सियासत के लिए देश को नफरत, हिंसा आदि की आग में झोंकना निकृष्ट कृत्य है। सबकी कोशिश मणिपुर में यथाशीघ्र शांति बहाली की होनी चाहिए। सभी दल संसद चलने दें।

## पुण्यतिथि

कृष्ण प्रताप सिंह



# जगन्नाथ आजाद का भी नहीं हुआ पाकिस्तान

वर्ष 1947 में देश के विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान का पहला कौमी तराना उस वक्त के उर्दू के लाहौर निवासी बेहद मकबूल हिन्दू शायर जगन्नाथ आजाद ने रचा था? अब इस बात को याद रखना पाकिस्तान को भी गवारा नहीं है। हालांकि, विभाजन के हिन्दू-मुस्लिम वैमनस्य के दिनों में यह बहुत बड़ी बात थी कि जगन्नाथ आजाद ने पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की इस इच्छा का आदर किया कि यह तराना कोई बड़ा गैरमुस्लिम और धर्मनिरपेक्ष हिन्दू शायर ही रचे। कहते हैं कि तब जिन्ना जताना चाहते थे कि पाकिस्तान बना भले ही धर्म के नाम पर है, उसमें धार्मिक भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होगी, लेकिन बाद में पारकिस्तान द्वारा जगन्नाथ आजाद से बरती गई कृतघ्नता गवाह है कि पाकिस्तान बनाने के लिए हद से गुजर जाने की जिन्ना की गलती उनके वक्त में तो उनके इस संदेश पर भारी पड़ती ही रही, उनके दुनिया को अलविदा कहने के बाद के पाकिस्तानी हुक्मरानों ने भी उसका गला दबाने में कुछ भी उठा नहीं रखा। बहरहाल, आज आजाद की पुण्यतिथि पर यह याद करना दिलचस्प है कि पाकिस्तान बनना तय हो गया तो जिन्ना ने 9 अगस्त, 1947 को रेडियो लाहौर में काम करने वाले एक शख्स की मार्फत उनसे इस तराने की रचना का आग्रह कर यह ताकीद भी की थी कि उनके पास इसके लिए केवल पांच दिन हैं। यह शख्स आजाद का दोस्त था और चाहता था कि 'भावी पाकिस्तान की सबसे बड़ी शख्सियत' द्वारा दिए गए इस सुनहरे मौके को वे बिना हील-हुज्जत फौरन से पेश्तर स्वीकार कर लें। उसने समझाया कि



यह बहुत बड़ी बात है कि लाहौर में मौलाना ताजवर नजीबाबादी, सैयद आबिद अली 'आबिद', सूफी गुलाम मुस्तफा 'तबस्सुम', अब्दुल मजीद 'सालिक', हफीज जालंधरी और इन सबसे ऊपर फैज अहमद फैज जैसे बड़े व नामचीन शायरों के रहते जिन्ना पाकिस्तान के कौमी तराने का सर्जक बनकर इतिहास में नाम दर्ज कराने का पहला मौका उनको देना चाहते हैं, लेकिन आजाद ने उससे न सिर्फ हील-हुज्जत बल्कि थोड़ी बहस भी की। मगर अंततः उसकी बात मान गये, फिर उन्होंने जो तराना लिखा, उसके बोल थे, 'ऐ सरजमीन-ए-पाक! जर्रे हैं तेरे आज सितारों से ताबनाक! रौशन है कहकशां से कहीं आज तेरी खाक।' जिन्ना को ये पंक्तियां इतनी पसंद आयीं कि उन्होंने तराने को फौरन मंजूरी दे दी। 14 अगस्त, 1947 की रात यह पहली बार रेडियो पाकिस्तान से प्रसारित हुआ और जब तक जिन्ना इस दुनिया में रहे, पाकिस्तान का कौमी तराना बना रहा, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद संकीर्णतावादी पाकिस्तानी शासकों ने नए कौमी तराने की तहरीक शुरू कर दी, क्योंकि उन्हें रास नहीं आ रहा था कि मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान एक गैरमुस्लिम शायर के रचे तराने को अपना कौमी तराना माने। यह लगभग वैसी ही बात थी जैसे बंटवारे के बाद के बेहद खराब हालात में लाहौर में जीना दूभर हो जाने के बाद 'धर्मनिरपेक्ष' आजाद को अपने प्यारे शहर का मोह छोड़कर भारत चले आना पड़ा था और उन्हें इस आधार पर भी सुरक्षा नहीं मिल पाई थी कि वे उस धर्माधारित राष्ट्र के कौमी तराने के रचयिता हैं। प्रसंगवश, आजाद का जन्म 5 दिसम्बर, 1918 को ईसाखेल में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। आजाद के पिता तिलोकचंद 'महरूम' भी उर्दू के बड़े उस्ताद थे। जन्मस्थली ईसाखेल व क्लोरकोट में आरम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद आजाद ने मियांवाली के राममोहन राय हाईस्कूल से 1933 में मैट्रिक और लाहौर के गॉर्डन कालेज से 1937 में बीए और पंजाब विश्वविद्यालय से 1944 में फारसी में एमए किया था। इसके अगले बरस यानी 1945 में उन्होंने इसी विश्वविद्यालय से एमओएल की परीक्षा भी पास की थी। 1947 में वे लाहौर के डीएवी कालेज में पढ़ाते थे। लाहौर छोड़ आये तो भी उनका मन जैसे वहीं अटका रहता था। तमाम जोखिम उठाकर बेहतर हालात की उम्मीद में वे एक बार फिर वहां गये थे, लेकिन इस 'कुसूर' में उन्हें एक और हिजरत करनी पड़ी। हां, बाद में वे लाहौर, कराची, रावलपिंडी, ढाका व चटगांव आदि के मुशायरों में आते-जाते रहे। 24 जुलाई, 2004 को 85 साल की उम्र में उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली तो इतिहास ने अपने किसी पृष्ठ पर लिखा-धर्माधारित राज्य किसी के नहीं होते। न अपनों के और न बेगानों के।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# गरीबी घटना सुकूनदेह परिदृश्य

नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24.85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14.96 फीसदी हो गई है। यह सूचकांक आय गरीबी के आकलन की पूरक है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में बहुआयामी गरीबी घटने का सुकूनदेह परिदृश्य प्रस्तुत करती दिखाई दे रही हैं।

इन दिनों देश और दुनिया में भारत में बहुआयामी गरीबी के घटने से संबंधित दो रिपोर्टें गंभीरतापूर्वक पढ़ी जा रही हैं। एक, नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई को जारी की गई राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) प्रगति समीक्षा रिपोर्ट 2023 और दो, 11 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) के द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) की रिपोर्ट 2023 । ये दोनों रिपोर्टें भारत में बहुआयामी गरीबी घटने का सुकूनदेह परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए दिखाई दे रही हैं।

नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीब लोगों की हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 के 24.85 फीसदी से घटकर वर्ष 2019-21 में 14.96 फीसदी हो गई है। यह सूचकांक आय गरीबी के आकलन की पूरक है। यह सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार को बताता है, जो इसके सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है। इसके तहत पोषण, बाल एवं किशोर मृत्युदर, खाना बनाने में उपयोग होने वाले ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, मांओं के स्वास्थ्य, स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति जैसे आधारभूत संकेतक शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत एसडीजी लक्ष्य 1.2 प्राप्त करने की राह पर निकल गया, जिससे वर्ष 2030 के लिए तय की गई मियाद से बहुत पहले बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा करने में मदद मिलेगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे अधिक कमी उत्तरप्रदेश में देखी गई, जहां 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसके बाद बिहार में 2.25 करोड़, मध्यप्रदेश में 1.35 करोड़, राजस्थान में 1.08 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 92.6 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उल्लेखनीय है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि भारत में पिछले 15 वर्षों में गरीबी में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 2005-2006 में जहां गरीबों की आबादी 55.1 प्रतिशत थी वह 2019-2021 में घटकर 16.4 प्रतिशत हो गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग गरीबी की सूची में शामिल थे, यह संख्या 2015-2016 में घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में कम होकर 23 करोड़ हो गई। खास बात यह है कि भारत में सभी संकेतकों के अनुसार गरीबी में गिरावट आई है। सबसे गरीब राज्यों और समूहों, जिनमें बच्चे और वंचित जाति समूह के लोग शामिल हैं ने सबसे तेजी से प्रगति हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पोषण संकेतक के तहत बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोग 2005-2006 में 44.3 प्रतिशत थे जो 2019-2021 में कम होकर 11.8 प्रतिशत हो गए। इस दौरान और बाल मृत्यु दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार जो खाना पकाने के ईंधन से वंचित गरीबों की संख्या भारत में 52.9 प्रतिशत




से गिरकर 13.9 प्रतिशत हो गई है। वहीं स्वच्छता से वंचित लोग जहां 2005-2006 में 50.4 प्रतिशत थे उनकी संख्या 2019-2021 में कम होकर 11.3 प्रतिशत रह गई है। पेयजल के पैमाने की बात करें तो उक्त अवधि के दौरान बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोगों का प्रतिशत 16.4 से घटकर 2.7 हो गया। बिना बिजली के रह रहे लोगों की संख्या 29 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत और बिना आवास के गरीबों की संख्या 44.9 प्रतिशत से गिरकर 13.6 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत उन 19 देशों की लिस्ट में शामिल है जिसके जिन्होंने 2005-2006 से 2015-2016 की अवधि के दौरान अपने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) मूल्य को आधा करने में सफलता हासिल की।

गौरतलब है कि डिजिटलीकरण के तहत जिस तरह आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी)में मदद की है, उससे भी गरीबों का सशक्तिकरण हुआ है। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना देश में गरीबी कम करने में एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। भारत में डीबीटी से कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को अकल्पनीय फायदा हो रहा है। जहां कोरोनाकाल में 80 करोड़ लोगों का डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न निशुल्क दिया गया, वहीं अब विगत एक जनवरी 2023 से 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाली देश की दो तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। 2023 में वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा मुफ्त अनाज का वितरण गरीबी में कमी लाने का अहम उपाय दिखाई दे रहा है। वस्तुतः देश का कृषि उत्पादन देश के गरीबों और अर्थव्यवस्था के लिए सहारा बन गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन, वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भूखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बना गया है, अतएव देश की नई आबादी के लिए रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करना जरूरी होगा। रोजगार के ऐसे नए अवसर गरीबी नियंत्रण में सहायक होंगे।

निश्चित रूप से देश में बहुआयामी गरीबी अभी भी चुनौतिपूर्ण बनी हुई है। देश में करीब 23 करोड़ लोग अभी भी गरीब हैं। ऐसे में गरीबी, बेरोजगारी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए सरकार के द्वारा घोषित नई जनकल्याण योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाना होगा। मोटे अनाज का उत्पादन और वितरण बढ़ाकर देश में भूख और कुपोषण की चुनौती का सामान करके गरीबों की कार्यक्षमता बढ़ाना होगी।

हम उम्मीद करें कि नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र की बहुआयामी गरीबी संबंधी रिपोर्टों के मद्देनजर अब भारत में केंद्र व राज्य सरकारों के रणनीतिक प्रयासों से बहुआयामी गरीबी में और कमी आएगी। ऐसे में देश के आम आदमी की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आर्थिक कल्याण के साथ देश के विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

## दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# बहुत की जगह किसी एक काम को करें बेहतर



संकलित

## प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नदी-नालों के आसपास भवन निर्माण पर रोक लगे

तबाही की बारिश, बादल फटने, फ्लैश फ्लड आदि से इस बार जितना अधिक जान-माल का नुकसान हुआ है, उसका अंदाजा लगाना बहरहाल मुश्किल है। यह भी सही है कि मानवीय गलतियों के कारण भी अधिक नुकसान उठाना पड़ा होगा। सरकार को नदी-नालों के आसपास भवन निर्माण पर पूरी रोक लगाकर रेत-पत्थर माफिया पर सख्त कानून बनाकर उनकी धरपकड़ सुनिश्चित करनी होगी। गंदगी फैलाने वाले पर्यटकों और होटल-रेस्टोरेंट चालकों पर शिकंजा कसना भी जरूरी है। नई बिजली परियोजनाओं पर पूरी रोक और सड़क निर्माण पर एहतियात बरतने की जरूरत होगी। *- संदीप भंसाली, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा करें



दस लाख पौधों और जानवरों की प्रजातियां विलुप्त होने के ख़तरे में हैं। जलवायु परिवर्तन के अस्तित्वगत खतरे को समाप्त करने, भूमि क्षरण को रोकने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जैव विविधता की रक्षा करना आवश्यक है।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### 30 लाख सरकारी पद ख़ाली



देश में अकेले सरकारी महकमों में ही 30 लाख पद ख़ाली हैं। पर इवेंट-जीवी मोदी सरकार के मुखिया, मोदी जी किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसे जता रहें हैं कि मानो उन्होंने 2 करोड़ नौकरियां, प्रति वर्ष देने का भाजपाई वादा पूरा कर दिया हो।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव**

### वीडियो देखकर शर्म आती



नरेंद्र मोदी छोड़कर देश का कोई दूसरा प्रधानमंत्री होता, अटल जी भी अगर होते तो मणिपुर वाला वीडियो देख शर्म से गड़ जाते। अपने आवास से नहीं निकल पाते, दुनिया को मुंह दिखाने में शर्मिंदगी होती।

**-पप्पू यादव, जन अधिकार पार्टी प्रमुख**

### मस्तिष्क को व्यवस्थित करें



चिंता करना बंद करें-क्योंकि जब तक कोई समस्या नहीं है तब तक कोई समस्या नहीं है। अपने मस्तिष्क को व्यवस्थित करें और समस्याओं को अपने दिमाग में जमा न रखें-उन्हें हल करें या भूल जाएं। आप जो करना पसंद करते हैं उसकी एक सूची लिखें और अपना समय उस सूची पर केंद्रित करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**




## करंट अफेयर


# अश्वेत किशोर की याद में बनेगा राष्ट्रीय स्मारक



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शिकागो के अश्वेत किशोर एमेट टिल और उसकी मां मैमी टिल-मोबली की याद में इलिनॉइस और मिसिसिपी में तीन जगह पर राष्ट्रीय स्मारक स्थापित करने का फैसला किया है।उन्होंने बताया कि एमेट पर 1955 में मिसिसिपी में एक श्वेत महिला को देखकर सीटी बजाने के आरोप लगे थे, जिसके बाद उसे अगवा कर प्रताड़ित किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि बाइडन इलिनॉइस और मिसिसिपी में तीन जगहों पर एमेट टिल और मैमी टिल-मोबली की याद में राष्ट्रीय स्मारक बनाने संबंधी उद्घोषणा पर मंगलवार (25 अगस्त) को दस्तखत करेंगे। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति की योजना की आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की है। अधिकारी के मुताबिक, एमेट की याद में राष्ट्रीय स्मारक बनाने संबंधी उद्घोषणा पर दस्तखत के लिए 25 अगस्त की तारीख इसलिए चुनी गई है, क्योंकि अश्वेत किशोर का 1941 में इसी दिन जन्म हुआ था।

## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी



व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## आईपीएस बने धीरेंद्र वर्मा का किया अभिनंदन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर स्थित सरगोठ के कान्हा होटल में हाल ही में आईपीएस बने धीरेंद्र वर्मा का निवर्तमान पालिकाध्यक्ष अशोक कुमावत के नेतृत्व में कस्बे वासियों ने अभिनंदन किया। रींगस निवासी आईपीएस धीरेंद्र वर्मा व उनके पिता गुरु प्रसाद वर्मा का कस्बे वासियों के द्वारा साफा बंधवा कर व माला पहनाकर सम्मान किया गया। आईपीएस वर्मा ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में कभी भी असफलताओं से हार कर बैठना नहीं चाहिए क्योंकि असफलताओं के बाद मिलने वाली सफलता सुखद होती है। हाल ही में जारी हुए सिविल सर्विस परीक्षा 2022 के परिणाम में धीरेंद्र वर्मा ने 789 वीं रैंक हासिल की है। वर्तमान में धीरेंद्र वर्मा असिस्टेंट जीएसटी कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। अभिनंदन समारोह के दौरान शेखावाटी पत्रकार संस्थान के संरक्षक एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रींगस ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दुलाराम बावलिया, कांग्रेस नेता सुरज्ञान धाबाई, पार्षद मोतीराम जांगिड़, महेश अग्रवाल, राकेश भादुपोता, बाबूलाल राजोरिया, रामवतार वर्मा, मनोनीत पार्षद भागीरथ बावलिया, मालीराम खरेशिया, सरदार धायल, संदीप डंडिया, नितिन त्रिपाठी, कैलाश कुमावत, पवन सांवलका, लोकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## मणिपुर की घटना पर आदिवासी सेवा संस्थान की विशेष बैठक का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के राजगढ उपखण्ड मुख्यालय पर 23 जुलाई रविवार को आदिवासी सेवा संस्थान की एक विशेष बैठक का आयोजन मेगा हाईवे राजगढ़ स्थित छात्रावास ऑफिस पर संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन आदुका की अध्यक्षता में किया गया। संस्थान के प्रवक्ता रामनिवास झालाटाला ने बताया कि बैठक में मणिपुर व देश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार व महिलाओं से हुए पुलिस की मौजूदगी में भीड़ के अमानवीय कुकृत्य , गैंगरेप, हत्या की घटनाओं की घोर निंदा करते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया एवं आगामी 24 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को घटना के विरोध में ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया जिसमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने, वाहां सेना भेजकर शांति स्थापित करने एवं घटना के दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने के साथ साथ जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई करने की मांग की जाएगी। संस्थान के लल्लू राम खुर्द ने बताया कि बैठक में आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अब तक का सबसे बड़ा आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया दो दिवसीय इस आयोजन में आदिवासी कला व संस्कृति के प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक जागृति एवं उत्थान से संबंधित विषय पर प्रसिद्ध लेखकों एवं विद्वानों द्वारा व्याख्यान भी दिया जाएगा। इसके अलावा बैठक में छात्रावास के प्रस्तावित नक्शे पर विचार विमर्श कर सुझाव लिए गए , छात्रावास भूमि से 33 केवीए लाइन हटाने हेतु जारी डीएन को जमा करवाने का निर्णय लिया गया एवं आगामी 30 जुलाई को संस्थान की साधारण सभा की बैठक के आयोजन का भी निर्णय लिया गया व 30 जुलाई से पहले साफ सफाई आदि की जिम्मेदारी हरलाल खरकड़ा व बद्री कचावा को दी गई। बैठक में भागचंद बाबूजी कुंडरोली, लालचंद फौजी बीगोता ,बद्री कचावा, हरलाल खरकड़ा, सुखराम नांगलधर्मु, प्रोफेसर के एल टहला, मूलचंद धौलान ,रामचरण सुंनारी व गिर्राज सेक्रेटरी कई लोग मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी संस्थान के कोषाध्यक्ष लल्लू राम खुर्द के द्वारा दी गई है।

## निजी फाइनेंस कंपनी का कहर, गरीब परिवार को किया बेघर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** आभावास में गरीब परिवार पर निजी फाइनेंस कंपनी द्वारा कहर बरपाते हुए पुलिस जाब्ते को साथ लेकर मकान को सीज करने की कार्रवाई की गई। निजी फाइनेंस कंपनी द्वारा अमानवीयता दिखाते हुए रसोई व ओढ़ने बिछाने के सामान को भी नहीं निकालने दिया गया। जिससे दूध मुंहे बच्चों व महिलाओं का धुप व भूख से हाल बेहाल है। पीड़ित सुभाष सैन ने बताया कि उसने वर्ष 2017 में चौमू स्थित मेंटोर होम लोन कंपनी से 10 लाख रुपए का ऋण लिया था करीब दो लाख रुपए के ऋण को किस्तों के रूप में चुकाने के बाद कोरोना महामारी के चलते चुकाने में असमर्थ हो गया वहीं सुभाष के बेटे का एक्सीडेंट होने के कारण करीब 1 वर्ष तक लंबा इलाज चला। जिससे परिवार की महिलाओं के गहनें तक बेचकर इलाज करवाया गया। परिवार की दयनीय स्थिति होने के कारण लोन की किस्तें चुकाने में असमर्थ हो गया। जिसके बाद फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों द्वारा पुलिस इमदाद लेकर गरीब परिवार को घर से बेदखल करते हुए सीज करने की कार्रवाई की गई। घर की महिला सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सीज की कार्रवाई को देखते ही उनकी सास बेहोश होकर गिर पड़ी और करीब 4 घंटे तक होश नहीं आया। महिला ने आरोप लगाया कि निजी फाइनेंस कंपनी के अधिकारी इतने निर्दयी थे कि खाना बनाने के लिए रसोई घर को खुला छोड़ने के लिए गुहार लगाई गई लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। यहां तक कि परिवार के सोने के लिए ओढ़ने बिछाने के कपड़े भी नहीं निकालने दिए गए। फाइनेंस कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल बागड़िया के नेतृत्व में विरोध जताया। सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल बागड़िया का कहना है कि फाइनेंस कंपनी व पुलिस प्रशासन के द्वारा उनको बिना सूचना दिए ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित मकान को सीज करने की कार्रवाई की गई जो सरासर गलत है। परिवार की माली हालत को देखते हुए लोन चुकाने के लिए मोहलत दी जाए। ग्रामीण भागचंद लामिया ने बताया कि एक तरफ सरकार गरीब परिवारों को राहत देने की बात करती है वहीं दूसरी ओर आरबीआई व अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण वसूली के गलत मापदंड बना रखे हैं जो गरीब परिवारों को खाना तक नहीं खाने देते और घर से बेदखल कर देते हैं। घर को गिरवी रख कर उठाई गई ऋण राशि पर कई गुना ब्याज लगाकर ऋण वसूल करने का कार्य किया जाता है जिसके खिलाफ सरकार को कदम उठाते हुए ऐसी संस्थाओं पर नकेल कसनी चाहिए।

जोबनेर थाना अंतर्गत हिंगोनियां गांव में हुई सीएलजी बैठक

# नशा ही अपराध का मूल कारण बन रहा है : प्रशिक्षु आरपीएस

### प्रशिक्षु आरपीएस थानाधिकारी जोबनेर अनिल कुमार माहेश्वरी भी आमजन से हुए रूबरू







सितारा न्यूज नेटवर्क

हिंगोनियां/राजेंद्र शर्मा। युवा पीढ़ी में नशा ज्यादा बढ़ रहा है। नशा ही अपराध का मूल कारण बन रहा है। यह बात रविवार को सार्वजनिक पार्क डुंगरी हिंगोनियां में आयोजित सीएलजी बैठक में प्रशिक्षु आरपीएस थानाधिकारी जोबनेर अनिल कुमार माहेश्वरी ने कही। माहेश्वरी ने कहा कि आम जन में 'विश्वास और अपराधियों में भय" इसके लिए पुलिस खरा उतरने का पुरा प्रयास कर रही है। इस अवसर पर जोरपुरा-सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल ने पुलिस चौकी डूंगरी हिंगोनियां पर स्टाफ बढ़ाने, चौकी के लिए आवंटित जगह पर चौकी को हस्तांतरित करने की बात कही। सिंघल ने कहा कि पुलिस चौकी खुलने के बाद अपराध पर अंकुश लगा है। उपस्थित महिलाओं ने गस्त बढ़ाने की मांग की। इस अवसर पर सुप्रीम शिक्षण समूह के निदेशक रामेश्वर लाखराण, जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल, हिंगोनियां सरपंच छीत्तर मल कुमावत, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जीतू ढाका, पुर्व सरपंच रामेश्वर खरेटिया, नन्दलाल घासल, उप सरपंच गुरु बच्चन सिंह, शिक्षाविद मनरुप सिंह बेनीवाल, मुलचंद कुमावत, शंकरलाल कुमावत, चौकी प्रभारी शेर सिंह यादव, गोपाल सिंह चौधरी, नारायण सिंह कमाण्डों, मनीष अग्रवाल, मुरली राम कुमावत, चिरंजी लाल कुमावत, लालाराम लौछब, तेजाराम कुड़ी समेत अनेक लोग मौजूद थे।

## राधे-राधे क्लब के तत्वधान में निकाली तेरवी विशाल कावड़ पदयात्रा

### गलता तीर्थ से कावड़ यात्रा प्रारंभ होकर रामनगर पहुंची



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सावन शुरू होने के साथ ही कांवड़ियों का जत्था भी अपने गन्तव्य स्थान के लिए निकल चुका है। चारों दिशाएं हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हैं। इस बीच इन भोले-भक्तों का हर जगह फूल-माला के साथ स्वागत भी किया जा रहा है। प्रशासन से लेकर स्थानीय स्तर के रहवासी तक भोले के इन भक्तों की सेवा में लगे हैं। इसी क्रम में रविवार को अंबे दास महाराज के सानिध्य में राधे-राधे क्लब के तत्वधान में तेरवी विशाल कावड़ पदयात्रा गलता तीर्थ से सर्वेश्वर महादेव मंदिर रामनगर में पहुंचे। सभी कावड़ियों का भाजपा नेता सौरभ कटारिया व उनकी टीम द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर संजय सैनी, अमित खींची, आलोक सैनी, गजेंद्र प्रागपुरा, मानस गौतम, हिमांशु सैनी, राकेश सैनी, मनीष सैनी, मोहन गुर्जर, रोहित सैनी, मुदित, जितेंद्र, हर्ष, सूर्य प्रताप, रूद्र, ओम प्रकाश, हेमराज और योगेश अजमेरा आदि उपस्थित रहे।



## प्रोफेसर सी.बी.यादव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रभारी रंधावा एवं प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा का हुआ भव्य स्वागत

### स्वागत के दौरान प्रोफेसर सी.बी.यादव के समर्थन में लगे जबरदस्त नारे





सितारा न्यूज नेटवर्क



**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर सी.बी.यादव के नेतृत्व में रविवार को उदयपुरिया मोड़ पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं गोविंद सिंह डोटासरा का ढोल नगाड़ो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान प्रोफेसर सी.बी.यादव के समर्थन में कार्यकताओं ने जबरदस्त नारेबाजी की। बड़ी संख्या में कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक प्रोफेसर यादव के नेतृत्व में स्वागत के लिए डटे रहें। प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रोफेसर सी.बी.यादव को गले लगा कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। वहीं प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकताओं को एकजुट होकर चौमूं क्षेत्र में कांग्रेस को विजयी बनाने का आह्वान किया। स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने जमीन से जुड़कर लगातार 5 साल तक मेहनत करने वाले व्यक्ति को ही कांग्रेस का टिकट देने का आग्रह किया। प्रोफेसर यादव ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए एकजुट रहने का संदेश दिया। स्वागत के दौरान गौतम नागर, महेश सेन, कैलाश अटल, बालूराम बकोलिया, ताराचंद सोकरिया, राधेश्याम नागर ,सुरेश सोकरिया, विजय मीणा, ताराचंद यादव, लालचंद सैनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 27 जुलाई को मोदी को सीकर नहीं मणिपुर जाना चाहिए- डॉ शारदा चौधरी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सीकर।** आम आदमी पार्टी की खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी डॉ शारदा चौधरी ने मोदी के 27 जुलाई को प्रस्तावित सीकर दौरे को लेकर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीकर आने के बजाय मणिपुर में बहन बेटियों के हाल जानने जाना चाहिए। मणिपुर में तो डबल इंजन की सरकार है और वहां पर भारत के इतिहास का बहन बेटियों के साथ सबसे वीभत्स आचरण हुआ है। यह वही सरकार है जिसने नारा दिया था बेटी बचाओ और आज भारत की बेटियां इस डबल इंजन की सरकार से डरने लग गई हैं भारत की बेटियां आज अपने आप को इस सरकार के शासन में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। मणिपुर के मुख्यमंत्री अभी तक बर्खास्त नहीं हुए हैं ,पहलवान बेटियों के साथ दुराचरण करने वाले बृजभूषण को नियमित जमानत मिल गई है, राम रहीम को ढाई साल में सातवीं बार पैरोल मिल गई है। यह सब देख कर आम आदमी पार्टी सीकर की पावन धरा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध करती है। जब भाजपा सरकार मणिपुर में कारगिल के सैनिक की पत्नी की इज्जत नहीं बचा पाई तो शेखावाटी के सैकड़ों शहीद परिवारों की वीरांगनाओं और उनके बच्चों को सुरक्षा की गारंटी कैसे दे सकती है। आज भी शेखावाटी की धरा के सर्वाधिक लोग फौज में सेवाएं दे रहे हैं उनके परिवार भी अब असुरक्षित महसूस करने लग गए हैं। हमारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यही अपील है कि आप जो समय सीकर में दे रहे हैं उस समय को मणिपुर में दे।

किसान सम्मान निधि से ज्यादा आवश्यक बेटियों का सम्मान है। आज सुप्रीम कोर्ट को मणिपुर की घटना पर संज्ञान लेना पड़ रहा है उसके बाद ही नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर खेद प्रकट किया। जबकि मणिपुर की बीजेपी सरकार को इस घटना का पहले से मालूम था। इन सारी बातों से कहीं नहीं लगता की बीजेपी की सरकार बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। आम आदमी पार्टी राजस्थान इस दौरे का विरोध करती हैं।

## लगातार 34 वर्षों से धार्मिक आयोजन किया जा रहा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** स्वर्गीय आशाराम जी बजाज-स्वर्गीय राधादेवी बजाज परिवार की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लाव स्थित श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर में शिवजी का रविवार को 51 किलो घी से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात विशेष श्रृंगार और महाआरती का आयोजन किया गया। बजाज परिवार द्वारा पिछले 34 वर्ष से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकिशन चांडक 'देवश्री' , समाज सेवी प्रताप सिंग उर्फ गोगी बन्ना व किशोर न्याय ग्रह से किरण गोड़ भी मौजूद रहे। इस अतिभव्य धार्मिक कार्यक्रम के मौके पर भजन, कीर्तन व महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया।

रैणी कस्बे से गिरिराज महाराज के लिए 15वी पदयात्रा हुई रवाना

# पदयात्रा के रथ को स्थानीय विधायक,अलवर सांसद, रैणी नगरपालिका चेयरमैन व अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी तहसील क्षेत्र से रविवार 23 जुलाई को रैणी-उपखंड मुख्यालय/कस्बे से कुट्टी वाले हनुमान जी महाराज के मंदिर से प्रारम्भ होकर पीथावाले हनुमान जी मन्दिर के सामने होते हुए रैणी सरकारी अस्पताल के समीप स्थित सीताराम मंदिर मे पूजा-अर्चना कर स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व नगरपालिका चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत और अलवर सांसद महन्त बालकनाथ तथा अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना , विजय समर्थ लाल एवं सुनिता बबेली , रैणी एसएचओ राजेश मीना सहित अनेक स्थानीय नेताओ ने पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान धर्मार्थ शिव कावडिया सेवा समिति रैणी के द्वारा सभी पदयात्रियो को और आए हुए सभी अतिथियो के लिए जलपान और नाश्ते की भरपुर व्यवस्था की गई। यह पदयात्रा 26 जुलाई को गिरिराज महाराज के पहुंच जाएगी और 27 जुलाई को परिक्रमा देकर तथा प्रसादी ग्रहण कर वापिस रैणी के लिए रवाना हो जाएगे। यात्रा के दौरान सभी पदयात्री झण्डे से पिछे ही चलेगे तथा कमेटी द्वारा बनाये गए नियमों को ध्यान मे रखकर अनुशासन मे चलना पड़ेगा। प्रत्येक पदयात्री ने 500/- का सहयोग दिया है जो कमेटी के पास मे पदयात्रा खर्चे के लिए काम मे लिए जावेगे। इस दौरान विजय हलवाई , भगवान सिंह नरूका , महेश जागिंड , रामोतार किराड, राजेश गोयल, रामस्वरूप झूठाहेडा , नेमी चन्द सहित अनेक गणमान्य पदयात्री मौजूद रहे। गिरिराज महाराज के भजन कीर्तन और जयकारे लगाते हुए महिला-पुरुष पदयात्री रथ के आगे व झण्डे से पिछे नाच गान करते हुए डीजे की धुन पर रवाना होते हुए नजर आए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर में घायल को परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल ने अपनी निजी कार से पहुंचाया हॉस्पिटल





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** रविवार दोपहर को सिंहासन खिरोड़ मार्ग पर पीलियों का ढहर उच्च प्राथमिक विद्यालय के घुमाव पर बाईक कार की टक्कर मे घायल रघुनाथ सिंह बगड़िया को पहले पिपराली राजकीय अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने पांव में कटने से हुए गहरे घाव के कारण मांस बाहर निकल आने के कारण सीकर रैफर कर दिया ।

सीकर एस के अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर में अत्यधिक बाहर निकल आए मांस को हटाकर सात आठ टांके लगाए एवं हाथ एवं दूसरे पांव में आये फ्रेक्चर का उपचार किया।

कार चालक भी घटना के बाद संवेदनहीनता दिखाते हुए अपने पंक्चर कार को करीब 10 किलोमीटर तक भगाकर ले गया एवं खुशकिस्मत रहा कि कार इस दौरान कार असंतुलित नहीं हुई वरना कार में सवार एक ही परिवार के पांच व्यक्ति दुर्घटना के शिकार हो जाते। घायल को उपचार हेतु ले जाते समय घटना में शामिल कार पिपराली खड़ी मिली जिसका चालक साईड का आगे का टायर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया था। चालक सवार की पहचान पवन सैनी निवासी झाझड़ झुंझुनूं के रुप में हुई जिसमें उसका परिवार यात्रा कर रहा था। घायल को अस्पताल पहुंचाने में बलबीर एवं घासी राम धायल ने सहयोग किया। निरीक्षक झाबर सिंह धायल ने बताया कि ऐसे मौकों पर घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए एवं संवेदनशीलता का परिचय दिया जाना चाहिए।

## अग्र महाकुंभ में बहरोड से सैकड़ो लोग हुए रवाना, समाज हित में करेंगे विभिन्न मांगें



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा/ बहरोड़।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में अग्र महाकुंभ का आयोजन में करीब 5 लाख अग्रवाल बंधु और महिलाएं शामिल होंगे। इस महाकुंभ में शामिल होने के लिए अग्रवाल समाज बहरोड और अग्रवाल महिला मंडल बहरोड़ के पदाधिकारी और अग्रवाल बंधु सुबह रवाना हो गए।

अग्रवाल समाज अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि आज महाकुंभ में 5 लाख से अधिक देशभर के अग्रवाल बंधु कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें सभी वर्ग के व्यापारि, युवा और समाज के हित में विभिन्न मांगे रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज व्यापार के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है, अपने-अपने राज्यों और देश को टैक्स देने में हमेशा अव्वल रहता है।

### ये रखेंगे मांग

- देश के और राजस्थान के हर जीएसटी रजिस्टर्ड डीलर को "टैक्स कलेक्टर" का दर्जा दिया जाए।
- देश के और राजस्थान के हर जीएसटी रजिस्टर्ड डीलर को बुढापे के लिए "पेंशन योजना" का लाभ दिया जाए।
- किसी भी दुर्घटना में व्यापारी को जानमाल की हानि होती है या दुर्भाग्य से व्यापारी के व्यापार में आगजनी की घटना घटित हो जाए, चोरिया- डकैती हो जाए, दंगे में दुकान लूटी जाए। बाढ़ में पानी घुस जाए या किसी कारण से नुकसान हो जाए तो उसकी भरपाई के लिए सरकार द्वारा "सामूहिक बीमा योजना" एवं "क्षतिपूर्ति बीमा योजना" स्कीम लागू की जाए।
- अधिक टैक्स इकट्ठा करने वाले प्रत्येक व्यापारी को सरकार द्वारा जिला इस तरह बाय प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाए।
- राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी एवं महान दानवीर भामाशाह की जीवनी लागू की जाए।
- राजस्थान में होने वाली आगामी विधानसभा चुनाव में अग्रवाल समाज को जनसंख्या के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए।
- व्यापारियों को राजस्व इकट्ठा करने में रुचि पैदा करने के लिए व्यापारी पर लागू विभिन्न एक्ट और नियमों में सुधारीकरण एवं सरलीकरण किया जाए।

### ये हुए रवाना

इस दौरान अग्रवाल समाज अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, सचिव प्रदीप गोयल, कोषाध्यक्ष योगेश सेठ, वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष किशनलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माणक चंद अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव अग्रवाल नवीन प्रधान, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, नवयुग मंडल अध्यक्ष पंकज सोनीका, एडवोकेट हरिश गुप्ता, प्रो. हरिप्रसाद अग्रवाल, डॉ. अनिल, हरीश सेठ, आनंद अग्रवाल, नीतू गोयल, भूतेरी देवी, मीरा गोयल, निशा गोयल, मीरा सिंघल, उषा देवी, सुमन देवी, शीला देवी, रीना अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीयूष गोयल, विजय गोयल, श्याम सुंदर अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य लोगों रवाना हुए।

बड़े भाई की जगह छोटा भाई कर रहा कार्यक्रमों में शिरकत, बड़े भाई की करवा रहा उपस्थिति दर्ज

# रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगीलाल मीणा की जगह उनके छोटे भाई कमलेश मीणा कर रहे कार्यक्रमों में शिरकत







सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-राजगढ उपखंड क्षेत्र मे हो रहे धार्मिक कार्यक्रमो मे रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर की अनुपस्थिति मे उनके छोटे भाई कमलेश मीना ने सभी कार्यक्रमो मे पधार कर आमजन के बीच मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी की उपस्थिति दर्ज कराई। सभी कार्यक्रमो मे गांव वालो ने भी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना के छोटे भाई कमलेश मीना का भी जोरदार आदर सत्कार किया और गांव के पंच पटेलो ने साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया। उल्लेखनीय है कि रविवार को राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के इन्दपुरा मे सीमा सुरेन्द्र मीना सरपंच के और ईटोली मे राजेश मीना पूर्व प्रेसिडेंट के तथा रामपुरा मे योगेश गुरूजी के कार्यक्रमो मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना को इन सभी कार्यक्रमो मे शामिल होना था लेकिन वो बाहर होने के कारण इन सभी प्रोग्रामो मे उनके छोटे भाई कमलेश मीना को जाना पड़ा जो कि सरपंच कानेटी मुकेशी देवी के पति भी है। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी मीना बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।

## सत्य सनातन संस्कृति की रक्षा व सुरक्षा के लिए संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के ग्राम सोने के गुर्जा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज के मंदिर में आयोजक जगदीश प्रसाद बंसल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया गया । जिसमें श्री राम भक्त मानव उत्थान समिति सुंदरकांड मंडल बाड़ी के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम की शुरूआत मंडल के वरिष्ठ धमार्चार्य प्रमुख एवं प्रमुख संगीतकार पंडित सुनील भारद्वाज के मुखारविंद द्वारा सत्य सनातन संस्कृति के अनुसार विधिवत तरीके से कार्यक्रम के आयोजन जगदीश प्रसाद बंसल एवं मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री करुणानंद जी महाराज के हाथों से श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधि विधान पूर्वक पूजन कर की गई । तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजन मनीष बंसल द्वारा सुंदरकांड मंडल के समस्त कार्यकताओं का रोली चावल से टीका कर भगवा दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया । इसके उपरांत धमार्चार्य प्रमुख पंडित सुनील भारद्वाज के मुखारविंद द्वारा श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई । गणेश वंदना के दौरान उपस्थित समस्त सत्य सनातन धर्म प्रेमी भगवान की भक्ति में भाव विभोर हो गए। साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ आरंभ किया गया । जिसमें समस्त सत्य सनातन धर्म प्रेमियों ने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम भगवान, श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज की निर्मल मन से आराधना की। सुंदरकांड पाठ पूर्ण होने के उपरांत श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं माता बहनों के विशेष आग्रह पर हनुमान जी महाराज का एक भजन "हनुमत डटे रहो आसन पर जब तक कथा राम की होय " प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात विजय महामंत्र" श्री राम जय राम जय जय राम"का जाप किया गया जो इस कलयुगी दौर में तुरंत फलदाई है और मानव जीवन में आने वाले प्रत्येक संकट से मुक्ति का निदान है। इसके उपरांत श्री हनुमान जी महाराज की आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके उपरांत सुंदरकांड मंडल प्रमुख अंजनी पाराशर ने सभी भक्तजनों माताओं बहनों से आग्रह किया कि यह सुंदरकांड पाठ श्री राम चरित मानस पाठ का मूल पाठ है, इसको करने से हम कलयुगी दौर में सभी संकटों से मुक्ति पा सकते हैं। इससे हमारे घर में परिवार में सुख शांति का संचार भी होता है, युवा पीढ़ी में संस्कार भी उत्पन्न होते हैं जो आज के समय में बहुत जरूरी है, अब हमारे हिंदू समाज में दिन व दिन सत्य सनातन संस्कृति की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए जागृति भी देखने को मिल रही है कि बाड़ी शहर के प्रत्येक मन्दिर में मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन निरंतर हो रहा है । सुंदरकांड पाठ का आयोजन जहां भी हो रहा हो वहां आप सबको सपरिवार जाना चाहिए ।

जिससे हमारा हिंदू समाज एकजुट हो सके जो आज वर्तमान समय की मांग है। कार्यक्रम पूर्ण होने पर कार्यक्रम के आयोजक जगदीश प्रसाद बंसल द्वारा उपस्थित सभी भक्तजनों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, ब्रजेश, पिंटू दादा, त्यागी बाबा, रामू बाबा, रवींद्र, अन्नू अमित, गोपाल डेयरी वाले, गणेश डेयरी वाले, पंकज गोयल मनियां वाले, हरिओम, राकेश, घनश्याम पाराशर, किशन लाल, पप्पू, कम्मोद सिंह, रामेश्वर पण्डित, पण्डित सौंनू दिवाकर शास्त्री, दीपक गर्ग, राहुल गर्ग, रूबी परमार, शैलेंद्र परमार, संजय परमार, ढोलक वादक अमन शर्मा, रामबाजा वादक पंडित शुभम्पाराशर, अभिनय विधौलीया ,अंकित राणा सहित सैंकड़ों की संख्या में सत्य सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया ।

सिर कटाना मंजूर है पर सिर झुकाना नहीं

## गुरु गोविंदसिंह के दोनों बच्चे कुर्बान हो गए पर अपने धर्म मार्ग से डिगे नही: साध्वी धैर्यप्रभा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** बिरद भवन में गत तीन दिवस से चल रहे बलिदान के मार्मिक प्रवचन को धर्मसभा को बताते हुए महासाध्वी धैर्यप्रभा ने कहा कि राग द्वेष कर्म बीज हैं। भगवान महावीर नेब सभी को प्राणी मात्र की सेवा और प्रेम की शिक्षा दी हैं। जीवन में अनेकों कष्ट आते हैं परन्तु जो सिंह के भांति अपने धर्ममार्ग पर स्थिर रहता हैं डिगता नही है वही असली वीर होता हैं। हर परिस्थिति को मुस्कराहट के साथ सहन करने के लिए तैयार रहें। गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों बच्चे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के दोनों बच्चों ने असहनीय दर्द एवं पीड़ा को सहा, अपने प्राणों को धर्म के लिए न्यौछावर करने के लिए हँसते हँसते तैयार हो गये पर कभी अपने धर्म परिवर्तन नहीं किया। आज हम थोड़ी से गर्मी सर्दी के सामने भी असक्षम हो जाते ही परन्तु वो मात्र 7 वर्ष और 9 वर्ष के बालको ने बड़ी निडरता के साथ कष्टों को सहा। उनके प्राण ले लेने के बाद भी मुगलों ने उनके पार्थिव शरीर को किसी को भी अंतिम संस्कार नही करने दिया तब टोडरमल जैन आगे आये। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण सम्पति देकर कई सैकड़ो स्वर्णमुद्राओं से उन महान शहीद के अंतिम संस्कार हेतु 4 गज जमीन खरीद उनका अंतिम संस्कार किया। उन महान टोडरमल का भी बाद में मुगलों ने सपरिवार हत्या कर दी थी। महासती से उन बच्चों पर घटे घटना क्रम का वर्णन सुनकर उपस्थित जनसभा के रोंगटे खड़े हो गये

महासती वृन्द द्वारा जब वेला आ गया ऐ दादी माँ जुदाई दा, असा अज्ज मुड़ के ओना नहीं, गीत बोला गया उपस्थित जनसभा की आंखे नम हो गई। महासती से बलिदान की गौरव गाथा एवं प्रवचन सुनने के लिए न सिर्फ जैन बल्कि सिख समुदाय के अनुयायी भी बड़ी संख्या में पहुंचे। गुरु की बलिदान गाथा का वर्णन सुनकर उन सभी ने महासती की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बलिदान गाथा को जिस मार्मिक रूप में कहा ऐसा प्रतीत हूआ की यह सब कुछ हमारी आंखों के समक्ष हो रहा हैं। उन्होंने साध्वी वृन्द, दिवाकर संघ एवं जैन समाज को ढेर सारा आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सिख समुदाय के प्रधान साहिब सिंह , मुख्य पुजारी हरदेव सिंह , सेवादार संतोख सिंह, सेवादार नरेंद्र सिंह , जसपाल जी हुड्डा, लक्ष्मण सिंह जी हुड्डा, राम भाई पंजाबी, गुरुबक्स सिंह जी मुच्छल, जसपाल सिंह जी छाबड़ा, जगजीत सिंह जी हुड्डा, जोगेंद्र सिंह जी छाबड़ा, जसवीर सिंह जी हुड्डा, मानसिंह जी मुछल, श्री मति राजेंद्र कौर, कांता कौर, इकबाल कौर, स्वर्ण कौर, जसपाल कौर व जैन समाज के सैकड़ों गणमान्य नागरिक व महिलाए उपस्थित थी। सभी ने इस बलिदान गौरवगाथा को सुनकर आने आप को सौभाग्यशाली माना। कोटा, चितौड़, डूंगला, जयपुर आदि जगहों से पधारे श्रावको ने भी व्यख्यान श्रवण कर महासती के समक्ष चातुर्मास की विनती की।

## बीकानेर कलाकार सीजन-2 का ग्रांड फिनाले 30जुलाई को

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जीत या सीख के उद्देश्य के साथ बीकानेर कलाकार सीजन-2 का ग्रांड फिनाले 30जुलाई को रविन्द्र रंगमंच में आयोजित होगा। जिसमें जिलेभर के 147 होनहार प्रतिभाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें। आयोजन की जानकारी देते हुए दीपिका बोथरा ने बताया कि सिंगिग,डानसिंग व मॉडलिंग के जूनियर व सीनियर वर्ग में चयनित प्रतिभाएं जीत के लिये दमखम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच देने के लिये 2018 से शुरू किये इस सफर में विजेता प्रतिभागियों को प्रदेश व देश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखाने का मौका मिल रहा है। बोथरा ने बताया कि रविवार को महिला मंडल स्कूल में 250 बच्चों ने अपना ऑडिशन दिया। जिसमें चयनित बच्चों को सिंगिग,मॉडलिंग व डानसिंग के टिप्स दिए गये। वहीं उन्हें रिहर्सल करवाकर ग्रांड फिनाले में जीत के लिये गुर बताएं गये। इस दौरान एंकर विनय हर्ष,नगेन्द्र सिंह सहित अनेक जने मौजूद रहे।

**ये रहे निर्णायकः** बोथरा ने बताया कि ऑडिशन राउंड में धर्मेश दैया,आकाश चांगरा,अजय खत्री व रवि मोहता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। साथ ही ग्रांड फिनाले में जिले के बाहर से निर्णायक आएंगे और दोनों ही वर्गों में प्रथम तीन स्थानों पर विजेताओं का चयन करेंगे।

**विजेताओं को मिलेंगे आकर्षण पुरस्कारः** आयोजक दीपिका ने बताया कि प्रतिभाओं को मंच देने के लिये अनेक प्रायोजक,सह प्रायोजक व सहयोगी आगे आएं है। जो ग्रांड फिनाले में पहले तीन स्थानों पर आने वालों पर पुरस्कारों की बौछार करेंगे। इनमें दस स्पॉन्र्सस,18 सह प्रयोजक तथा 12 सहयोगी है। एम एल ज्वैलर्स की ओर से आकर्षक उपहार के अलावा ट्रॉफीयां,गिफ्त बाउचर प्रदान किये जाएंगे।

### मंदिर में घुसे चोर को मोहल्लेवासियों ने पकड़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के माता का थान थाना क्षेत्र के एक मंदिर परिसर में घुसे कुछ युवकों को मोहल्ले वासियों ने पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद थाने के बाद समाज के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

जानकारी के अनुसार माता का थान थाना क्षेत्र में एक समाज का मंदिर बना हुआ है। मंदिर परिसर में आज दोपहर को कुछ युवक और युवतियों को एक साथ स्थानीय लोगों ने देख लिया। हो हल्ला करने पर 2 युवक मौके से भाग गए। वहीं एक युवक को मोहल्लेवालों ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बाद में पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आई।

# मुंडियाखेड़ा में प्रधान ने फीता काटकर किया सड़क का उद्घाटन

### वर्तमान विधायक पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

सितारा न्यूज नेटवर्क







**वी.पी.मीणा /बहरोड।** क्षेत्र के मुंडियाखेड़ा गांव में रविवार को पंचायत समिति प्रधान कोटे से निर्मित सीसी सड़क का उद्घाटन प्रधान सरोज यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता किसान नेता बस्तीराम यादव कहां की बहरोड़ विधायक ने सत्ता का दुरुपयोग कर सभी वर्गों को अपमानित व प्रताड़ित करने का काम किया है।कभी-गुरुजनों की कब्जी तोड़ने की धमकियां देता है तो कभी पत्रकारो को लिफाफे बाज कहता है तो कभी डॉक्टर कंपाउंडर को उल्टा लटकाने की बात करता है। तो कभी साधु-संतों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है यहां तक की महिलाओं के प्रति अमर्यादित टिप्पणियां करता है। जो प्रजातांत्रिक व्यवस्था पर प्रहार का रूप है। बहरोड विधायक की नाकामी के कारण क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कें जर्जर पड़ी है। तथा स्थानीय उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार भी नहीं मिला है। ना ही बहरोड़ नीमराना जिला बन पाया है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य अमर सिंह यादव, रमेश चंद यादव, सुनील यादव, सरपंच सुरेश ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेश बहरोड, सरपंच श्योताज सिंह यादव, सरपंच वेद कृष्णा,पार्षद रोहिताश,पार्षद रमेश सिंह ,किसान नेता जयपाल सिंह इंद्राज, रामावतार, गिरधारी, लेखराम पंच रणजीत, रंगलाल, सरजीत रामपत, मुकेश, हरिसिंह ठेकेदार, प्रहलाद सहित अन्य मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सुपर 500 : सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन, जीता साल का चौथा खिताब

एजेंसी ▶▶| येओसु

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की शीर्ष वरीय जोड़ी पर फाइनल में तीन गेम की जीत से कोरिया ओपन पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

साल का चौथा फाइनल खेल रही दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने दो बार के विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता अल्फियान और आर्दियांतो की जोड़ी को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-13, 21-14 से पराजित किया। इस तरह सात्विक और चिराग की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन जोड़ी ने लगातार मैचों में जीत की संख्या 10 कर ली और अपनी उपलब्धियों में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल स्विस ओपन, एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन जीता है।

**इंडोनेशिया के फजर-रियान को**
**17–21**
**21–13**
**21–14**
**से हराया**

**खिताब : स्विस ओपन, एशियाई चैंपियनशिप, इंडोनेशिया ओपन, कोरिया ओपन**



*'हम आज फाइनल में जिस तरह से खेले, हमने अच्छी शुरुआत नहीं की थी लेकिन खुश हैं कि हम दूसरा गेम जीतकर अंत तक इसी लय को जारी रख सके। हां, बहुत खुश हैं कि हम इंडोनेशिया ओपन के बाद लगातार खिताब अपने नाम कर सके।'*
**चिराग शेट्टी**

*'यह हमारे लिए काफी अच्छा हफ्ता रहा। हमने यहां पूरे सप्ताह शानदार बैडमिंटन खेला और मैं आज के अपने प्रदर्शन से खुश हूं। हम अगले हफ्ते जापान ओपन में भी यही लय जारी रखना चाहते हैं। इसलिए हम अभी आराम करेंगे और फिर अपना ध्यान लगाएंगे।'*
**सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी**


### भारतीय जोड़ी की उपलब्धियां

सात्विक और चिराग ने जोड़ी बनाने के बाद कई खिताब अपने नाम किए हैं जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक, थॉमस कप का स्वर्ण पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के अलावा सुपर 300 (सैयद मोदी और स्विस ओपन), सुपर 500 (थाईलैंड और इंडिया ओपन), सुपर 750 (फ्रेंच ओपन) और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में जीत शामिल हैं।

### बीडब्लूएफ विश्व टूर

बीडब्लूएफ विश्व टूर छह स्तर में विभाजित होता है जिसमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000 टूर्नामेंट, छह सुपर 750 टूर्नामेंट, सात सुपर 500 टूर्नामेंट और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल होते हैं। टूर्नामेंट का एक अन्य वर्ग बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 स्तर है जिससे भी रैंकिंग अंक मिलते हैं।

## खबर संक्षेप



### करमन डब्लू60 इवान्सविले खिताब से एक कदम दूर

**इवान्सविले।** भारत की करमन कौर थांडी ने अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को सीधे सेटों में हराकर आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता डब्लू60 इवान्सविले के फाइनल में प्रवेश किया।तीसरी वरीयता प्राप्त थांडी ने शनिवार को सेमीफाइनल में केसलर को 6-3, 7-5 से हराया। फाइनल में भारतीय खिलाड़ी यूक्रेन की चौथी वरीयता प्राप्त यूलिया स्ट्रोडुबत्सेवा से भिड़ेगी। पिछले महीने डब्लू60 सम्टर फाइनल भी इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था जिसमें थांडी को 7-6(5), 5-7 4-6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय खिलाड़ी इस बार उसका बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

### बल्लेबाजों ने खेलने का प्रयास नहीं किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपयोग की जा रही पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहद धीमी करार देते हुए शॉट



खेलने का प्रयास तक नहीं करने के लिए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की आलोचना की। वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में अभी 0-1 से पीछे है। उसने दूसरे टेस्ट में भारत के 438 रन के जवाब में तीसरे दिन रन बनाने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए। कैरेबियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 229 रन बनाए थे और वह भारत से 209 रन पीछे है।

### अल्कारेज की होपमैन कप में एक और जीत

**नीस।** विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्करेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट में क्रोएशिया के विश्व में



15वें नंबर के खिलाड़ी बोर्ना कोरिच को 6-3, 6-7(6) 10-5 से हराया। कोरिच के खिलाफ शनिवार को खेले गए मैच में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाए। यह अल्करेज की लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने शुक्रवार को बेल्जियम के डेविड गॉफिन को हराया था। अल्करेज ने रेबेका मसारोवा के साथ मिलकर युगल मैच भी खेला लेकिन वह कोरिच और डोना वेकिच से 1-6, 6-4, 14-12 से हार गए।

### हरमनप्रीत पर लगा 75 फीसदी जुर्माना

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे



में अंपायर के साथ बहस के कारण जुर्माना लगाया गया है। हरमनप्रीत कौर ने गुस्से में अपने बैट को विकेट पर दे मारा था, जिस पर अब हरमनप्रीत कौर को मैदान पर अनुचित व्यवहार के कारण है मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## क्रिकेट : भारतीय कप्तान 44 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट

# रोहित का 16वां टेस्ट अर्धशतक टीम इंडिया की बढ़त 300 पार

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। बारिश को देखते हुए दूसरी पारी में भारत ने तूफानी शुरुआत की थी। वेस्टइंडीज फॉलोऑन बचाने में कामयाब रहा था। ऐसे में रोहित और यशस्वी ने पहले विकेट के लिए 71 गेंदों में 98 रन की साझेदारी निभा डाली। कप्तान रोहित ने टेस्ट कॅरियर का 16वां अर्धशतक सिर्फ 35 गेंदों में लगाया। रोहित 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

बारिश और लंच के बाद के खेल में यशस्वी भी आउट हो गए। उन्हें वारिकन ने आउट किया। यशस्वी 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी ऑफ स्टंप के बाहर की गुड लेंथ बॉल को लाइन से क्रॉस करके स्वीप खेलना चाहते थे, लेकिन गति का सही अनुमान नहीं लगा सके और बॉल टॉप एज के साथ विकेटकीपर के सिर के ऊपर खड़ी हो गई। डा सिल्वा ने आसानी से कैच पकड़ा। भारत ने दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक 22 ओवर के बाद दो विकेट गंवाकर 157 रन बना लिए थे। वेस्टइंडीज पर टीम इंडिया की कुल बढ़त 340 रन की हो गई थी।



### सिराज ने झटके पांच विकेट




वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 के स्कोर पर सिमट गई। भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। इस तरह भारत को 183 रन की लीड मिली। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। वहीं, मुकेश कुमार और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले। वेस्टइंडीज ने रविवार को 26 रन ही जोड़ सके और पांच विकेट गंवा दिए। वेस्टइंडीज को सबसे पहला झटका एलिक अथानाजे के रूप में लगा। उन्हें डेब्यूटांट मुकेश ने एल्बीडब्लू आउट किया। अथानाजे 37 रन बना सके। इसके बाद सिराज का कहर देखने को मिला और बाकी चार विकेट लेकर विंडीज की पारी को समेट दिया। उन्होंने जेसन होल्डर (15) अल्जारी जोसेफ (4), केमार रोच (4) और शैनन गैब्रियल (0) को आउट किया। जोमेल वारिकन सात रन बनाकर नाबाद रहे।

### देवधर ट्रॉफी : गेंदबाजों के प्रदर्शन पर नजर

**पुडुचेरी।** देवधर ट्रॉफी की चार साल के बाद सोमवार को जब वापसी होगी तो भारतीय क्रिकेट जगत की नजरें उन तेज गेंदबाजों पर होगी जो आने वाले समय में सफेद गेंद के प्रारूप की राष्ट्रीय और 'ए' टीमों में अपनी जगह पक्की कर सकें। अगले 11 दिनों में दक्षिण क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं को प्रभावित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेंगे। शीर्ष स्तर के इस लिस्ट ए टूर्नामेंट के इस सत्र का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि चार साल के बाद इसकी वापसी हो रही है।

# नागल बने टाम्पेरे ओपन चैंपियन, पांच टूर्नामेंट में चौथा चैलेंजर खिताब




**टाम्पेरे।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां चेक गणराज्य के डेलिबोर सिवरसिना को सीधे सेटों में हराकर टाम्पेरे ओपन का खिताब जीत लिया। नागल ने सिवरसिना को 6-4, 7-5 से पराजित किया। यह नागल का पांच टूर्नामेंट में चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। यह उनका साल का दूसरा खिताब है। वह इससे पहले अप्रैल में रोम में गार्डन ओपन चैंपियन बने थे।

**सेट 1**

मैच में नागल की शुरुआत खराब रही। उन्होंने अपना पहली सर्विस गंवा दी और वह 0-3 और 1-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी की और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की सर्विस को तीन बार तोडा। बेसलाइन से दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया।

**सेट 2**

नागल इस लय को दूसरे सेट के शुरुआत में बरकरार रखने में सफल रहे। उन्होंने सिवरसिना की सर्विस को तोड़कर 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिवरसिना ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 3-5 और फिर 5-5 किया। नागल ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सिवरसिना की सर्विस तोड 6-5 की बढ़त बनाई और और फिर आखिरी सेट को जीत कर एक घंटे 44 मिनट तक चले मुकाबले को अपने नाम किया।

# वर्ल्ड कप : स्वीडन ने दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन


अमांडा इलेस्टेड के 89वें मिनट में किए गए गोल से स्वीडन ने रविवार को यहां महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप जी के शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत हासिल की। इससे दक्षिण अफ्रीका की टूर्नामेंट में पहला बड़ा उलटफेर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

दक्षिण अफ्रीका ने हिल्दाह मिगाला के 48वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली थी जिससे स्वीडन की टीम दबाव में आ गई थी। लेकिन स्वीडन ने 64वें मिनट में फ्राइडोलिना रोल्फो के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। मैच खत्म होने में महज एक मिनट का समय बचा था कि अमांडा ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्वीडन को जीत दिलाई।

### नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया

**डुनेडिन।** स्टेफानी वान डर ग्राट के 13वें मिनट में हेडर से किए गए गोल की बदौलत नीदरलैंड ने महिला फुटबॉल विश्व कप में पुर्तगाल पर 1-0 से जीत हासिल की। स्टेफानी की योजना विश्व कप के बाद संन्यास लेने की है, इस 30 साल की खिलाड़ी का यह टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल भी था। ग्रुप ई में अब नीदरलैंड का सामना गुरुवार को वेलिंगटन में अमेरिका से होगा। पुर्तगाल की टीम वियतनाम के सामने होगी।

### जमैका ने फ्रांस को बराबरी पर रोका



**सिडनी।** जमैका ने महिला फुटबॉल विश्व कप में हैरान करने वाला प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां फ्रांस को गोल रहित बराबरी पर रोक दिया। खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल फ्रांस को 90वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका मिला लेकिन कादिदियातोउ दियानी का हेडर से लगाया शॉट क्रॉस बार से टकरा गया और टीम को एक अंक के साथ संतोष करना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ जमैका ने टूर्नामेंट के इतिहास का अपना पहला अंक जुटाया।

### पेड्रो काचिन ने जीता स्विस ओपन खिताब

**गस्टाड।** अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन ने रविवार को यहां फाइनल में एलबर्ट रामोस विनोलास को 3-6, 6-0, 7-5 से हराकर स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट खिताब जीत लिया।



90वीं रैंकिंग पर काबिज इस खिलाड़ी के करियर का यह पहला खिताब है जिसकी बदौलत वह अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 54 की ओर पहुंच जाएंगे। गर्दन और टखने की चोट के कारण इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर तेजी से आगे नहीं बढ़ सका, उन्होंने एक साल पहले पहली बार शीर्ष 100 में वापसी की थी। काचिन के नाम दूसरे टीयर के चैलेंजर टूर में छह करियर खिताब हैं।

### दहिया उलटफेर के शिकार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे क्योंकि रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए ट्रायल्स में वह 57 किग्रा भार वर्ग में अतीश टोडकर से हारकर बाहर हो गए। दहिया को अपने उत्कृष्ट कौशल और दमखम के कारण 'मशीन' कहा जाता है और उनसे महाराष्ट्र के रहने वाले टोडकर के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। रविवार को उन्होंने कुछ शानदार अंक बनाए लेकिन टोडकर ने आखिर में उन्हें चित कर दिया। दहिया के मामले में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। टोडकर तब 20-8 से आगे चल रहे थे जब उन्होंने दहिया के कंधे को जमीन पर लगाया। टोडकर ने दहिया को लगातार चकमा दिया और अपने शानदार खेल से उलटफेर भरी जीत दर्ज की।



### थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**चेन्नई।** श्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरु थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने 12 साल के कॅरियर में 44 टेस्ट, 127 एक दिवसीय और 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले। थिरिमाने ने श्रीलंका की तरफ से तीन टी20 विश्वकप में भाग लिया जिनमें 2014 का विश्वकप भी शामिल है जिसमें उनकी टीम चैंपियन बनी थी। इसके अलावा उन्होंने दो वनडे विश्व कप में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पांच वनडे में श्रीलंका की कप्तानी भी की। थिरिमाने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'एक खिलाड़ी के रूप में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। मैं इस खेल का सम्मान करता हूं और मैंने अपनी जिम्मेदारी इमानदारी से निभाई।

# भारत को हराकर पाकिस्तान बना एमर्जिंग एशिया कप चैंपियन

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

तैयब ताहिर की 108 रन की आक्रामक पारी के बाद वामहस्त स्पिनर सूफियान मुकीम की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ए ने एमर्जिंग एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ए को 128 रन से शिकस्त देकर अपने खिताब का बचाव किया। गत चैंपियन पाकिस्तान ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 352 रन बनाने के बाद भारतीय पारी 40 ओवर में 224 रन पर समेट दी।



### चौथा टेस्ट ड्रॉ, ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज ट्रॉफी


मैनचेस्टर। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला ड्रॉ रहने के साथ एशेज ट्रॉफी बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है जबकि अब सिर्फ एक मैच खेला जाना बाकी है। इंग्लैंड श्रृंखला जीतने की स्थिति में ही एशेज अपने पास रखता।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
॥ सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ॥
गरीबों का सितारा
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सुंदरता में जर्मनी-चीन के कन्वेंशन सेंटर्स को देता है टक्कर

# जी-20 बैठक के लिए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स तैयार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में नव विकसित आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स जो जी20 नेताओं की बैठक की मेजबानी करेगा, उसका उद्घाटन 26 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। करीब 123 एकड़ में बना प्रगति मैदान आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए भारत का सबसे बड़ा सेंटर है।

**दुनिया के शीर्ष 10 में बनाया स्थान**

एक आधिकारिक बयान के अनुसार आयोजनों के लिए उपलब्ध कवर किए गए स्थान के संदर्भ में, पुनर्विकसित और आधुनिक आईईसीसी कॉम्प्लेक्स दुनिया के शीर्ष 10 प्रदर्शनी और कन्वेंशन कॉम्प्लेक्स में अपना स्थान पाता है, जो जर्मनी में हनोवर प्रदर्शनी केंद्र, शंघाई में राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर (एनईसीसी) जैसे बड़े नामों को टक्कर देता है।

**26** जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन | **123** एकड़ में बना प्रगति मैदान आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स | **7,000** लोगों के बैठने की क्षमता कन्वेंशन सेंटर के लेवल 3 में



आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आईईसीसी का कद और बुनियादी ढांचा बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय आयोजनों की मेजबानी करने की भारत की क्षमता का प्रमाण है। कन्वेंशन सेंटर के लेवल 3 में कुल मिलाकर 7,000 लोग बैठ सकते हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित सिडनी ओपेरा हाउस की लगभग 5,500 की बैठने की क्षमता से अधिक है।

### वैश्विक स्तर पर पहचान बनेगी



यह प्रभावशाली उपलब्धि आईईसीसी को वैश्विक स्तर पर बड़े सम्मेलनों, अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों और सांस्कृतिक समारोहों की मेजबानी के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में स्थापित करती है।

### शानदार एम्फीथिएटर




ये अत्याधुनिक हॉल प्रदर्शकों और कंपनियों को दर्शकों से जुड़ने और नेटवर्किंग के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करते हैं। आईईसीसी में 3,000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला एक शानदार एम्फीथिएटर है।

### सेंटर में आगंतुकों की सुविधाओं का रखा विशेष ध्यान

संयुक्त रूप से तीन पीवीआर थिएटरों के बराबर, यह भव्य एम्फीथिएटर मनमोहक प्रदर्शन, सांस्कृतिक शो और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए मंच तैयार करता है, जो अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले माहौल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। आईईसीसी में आगंतुकों की सुविधा एक प्राथमिकता है, जो 5,500 से अधिक वाहन पार्किंग स्थानों के प्रावधान में परिलक्षित होती है। सिग्नल-मुक्त सड़कों के माध्यम से पहुंच में आसानी यह सुनिश्चित करती है कि आगंतुक बिना किसी परेशानी के कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकें।

## खबर संक्षेप

### यूक्रेन ने रूसी हथियार गोदामों को बनाया निशाना



**कीव।** यूक्रेन ने एक ड्रोन के जरिये शनिवार को मध्य क्रीमिया में एक गोला-बारूद डिपो को निशाना बनाया। इससे एक सप्ताह से भी कम समय पहले क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले एक प्रमुख पुल पर हमला किया गया था, जिसके बाद मॉस्को एक ऐतिहासिक अनाज निर्यात सौदे से बाहर हो गया। इसके बदला लेते हुए रूस ने ड्रोन तथा मिसाइलों से यूक्रेन के बंदरगाहों पर हमले किए। बदले में रूस ने भी यूक्रेन पर हमला बोला। रूस के हमले में करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चेर्नीहीव शहर में दो लोग मारे गए।

### पिता की मौत पर 5 अरब का मुकदमा ठोका



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां दो बहनों ने एक अंतिम संस्कार गृह पर करीब 60 मिलियन डॉलर यानी लगभग 5 अरब रुपए का मुकदमा ठोक दिया है। स्टेसी होल्जमेन और मेगन जेनर ने फ्यूनरल एंड क्रिमेशन सर्विस और स्टार ऑफ डेविड चैपल पर उनके दिवंगत पिता के अंतिम संस्कार में गड़बड़ का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि फ्यूनरल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने उनके पिता की जगह किसी अन्य व्यक्ति के शव को दफना दिया। न्यूयॉर्क में मुकदमा दायर किया है।

### पूर्वी कांगो में गोलीबारी 9 बच्चे समेत 13 की मौत



**गोमा।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में गोलीबारी की घटना सामने आई है। जहां गोलीबारी में 13 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 9 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारी ने रविवार को बताया कि पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के एक सैनिक ने शनिवार रात अपने मृत बच्चे के शोक मनाने के लिए एकत्रित हुए लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें 9 बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी की ये घटना कांगो के पूर्वी इतुरी प्रांत में अल्बर्ट झील के किनारे स्थित न्याकोवा गांव में हुई।

## सीमा हैदर मामले के बाद सतर्कता बढ़ी

# रक्सौल बॉर्डर पर 2 चीनी संदिग्ध नागरिक पकड़े



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल सीमा के जरिए अवैध तरीके से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे दो चीनी नागरिकों को बिहार के रक्सौल से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के मकसद का पता नहीं चल पाया है, लेकिन आव्रजन (इमीग्रेशन) अधिकारियों को शक है कि ये जासूसी के लिए भारत में दाखिल हो रहे थे। दरअसल, पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर द्वारा मई माह में बिना वीजा के नेपाल सीमा के रास्ते चालाकी से भारत में प्रवेश करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ा दी है। भारत-नेपाल के सभी बॉर्डर पर सख्ती से चेकिंग हो रही है। सीमा हैदर द्वारा झूठी भारतीय पहचान की जानकारी देने के बाद भारत में उसने आसानी से एंट्री कर ली थी। दोनों चीनी नागरिकों को नेपाल से भारत में प्रवेश करते समय पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल स्थित भारतीय इमिग्रेशन विभाग द्वारा भारतीय सीमा शुल्क कार्यालय के सामने पकड़ा गया।

### चीनी नागरिकों के पास नहीं था वैध वीजा

इसके बाद दोनों को जांच के लिए इमिग्रेशन कार्यालय लाया गया, जहां पता चला कि दोनों चीनी नागरिकों के पास वैध वीजा नहीं था। दोनों चीनी नागरिकों को रक्सौल इमिग्रेशन विभाग ने सबसे पहले दो जुलाई को नेपाल से बिना वैध वीजा के भारत में प्रवेश करते समय पकड़ा था और पहली बार गैरकानूनी तरीके से सीमा पार करने के बाद उन दोनों को उनके पासपोर्ट पर चेतावनी के साथ प्रवेश से इनकार कर नेपाल वापस भेज दिया गया था और उन्हें भारत आने के लिए भारतीय वीजा लाने की सलाह दी गई थी।

### सीमा हैदर बीमार, चढ़ाया गया ग्लूकोज

भारतीय 'पति' सचिन मीना के लिए बिना वीजा के मई में भारत में प्रवेश करने वाली पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा हाल ही में की गई पूछताछ के बाद शनिवार सुबह बीमार पड़ गई। शनिवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें सीमा बीमार दिख रही है और 'ग्लूकोज ड्रिप' ले रही है। इंटरव्यू में सीमा हैदर ने दावा किया कि अपने खिलाफ खबरें सुनने के बाद वह बीमार पड़ गईं। उन्होंने कहा कि इससे दुख भी होता है कि लोग मेरे बारे में गलत क्यों बोल रहे हैं। किसी ने एक बार भी मेरे बारे में अच्छा नहीं बोला। हैदर ने कहा मुझे नहीं लगता कि मैं और मेरे चार बच्चे भारत पर कोई बोझ बढ़ाएंगे। अगर मुझे नागरिकता मिल गई तो मैं एक अच्छा इंसान बनकर दिखाऊंगी। मैं विश्वासघात नहीं करूंगी। सीमा हैदर ने एक दिन पहले ही शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास दया याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि उसे अपने चार बच्चों के साथ ग्रेटर नोएडा में अपने साथी सचिन मीना के साथ रहने की अनुमति दी जाए।

## मुंबई पुलिस को मिली थी गोपनीय सूचना, ड्राइवर को हिरासत में लिया

# रत्नागिरी में विस्फोटकों से भरे टैंकर को पुलिस ने किया जब्त!

एक्सपर्ट टीम टैंकर की जांच करेगा, इसके बाद ही असलियत का पता चलेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में एक संदिग्ध टैंकर को जब्त कर लिया गया है। रत्नागिरि पुलिस ने बीती रात ही एक संदिग्ध टैंकर को नाकेबंदी कर रोक लिया था। पुलिस को टैंकर के जरिए विस्फोटक आरडीएक्स गोवा ले जाने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने फिलहाल टैंकर के ड्राइवर को भी हिरासत में लिया है। संदिग्ध टैंकर के बारे में एक अज्ञात शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन पर जानकारी दी थी। मुंबई पुलिस का कहना है कि फोन करने वाले ने यह भी बताया कि टैंकर में 2 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार हैं। खुद को पांडे बताया।

> फोन करने वाले ने टैंकर की डिजाइन, गाड़ी नंबर और गाड़ी के रंग आदि के बारे में पूरी जानकारी दी थी। इस जानकारी के बाद पुलिस हरकत में आई और उसने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकेबंदी कर दी।

**खास बातें**

- टैंकर में दो पाकिस्तानी नागरिक होने की सूचना
- गोवा में भी बड़ी मात्रा में मिला विस्फोटक



### पुलिस ने बुलाई एक्सपर्ट की टीम

पकड़े गए टैंकर में केमिकल भरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि टैंकर को कब्जे में लिए जाने के बाद आगे की जांच के लिए एक्सपर्ट की टीम बुलाई गई है। टैंकर में विस्फोटक आरडीएक्स रखा हुआ है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। एक्सपर्ट अब इस बात की भी जांच करेंगे कि विस्फोटक आरडीएक्स क्या केमिकल के बीच रखा हो सकता है या नहीं। साथ ही आरडीएक्स को किस फॉर्मेट में रखा है। इसकी भी जांच की जाएगी। माना जा रहा है कि दो संदिग्ध लोग इस टैंकर के जरिये आरडीएक्स को गोवा लेकर जा रहे थे।

### फोन करने वाले ने खुद को पांडे बताया

मुंबई पुलिस की ओर से इस बारे में कहा गया है कि मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा फोन आया, जिसमें फोन करने वाले शख्स ने आगाह करते हुए बताया कि एक टैंकर जिसमें आरडीएक्स रखा हुआ है और साथ ही इसमें दो पाकिस्तानी नागरिक भी सवार हैं, यह मुंबई से गोवा जा रहा है। फोन करने वाले शख्स ने खुद को पांडे बताया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

**1200 जिलेटिन की छड़ें मिलीं**

दूसरी ओर, गोवा पुलिस ने भी अपने यहां काफी विस्फोटक जब्त किया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुदाई के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बिना लाइसेंस के विस्फोटकों को जब्त किया है। साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि मारुति ओमनी में दो लोग सवार थे और इनके पास से 6 बॉक्स जिसमें 1200 जिलेटिन की छड़ें रखी हुई मिली हैं।

## तमिलनाडू में एनआईए की छापेमारी 9 जिलों के 21 स्थानों पर ली तलाशी

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापेमारी और तलाशी कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने रविवार को तंजावुर जिले के तिरुभुवनम में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के पूर्व पदाधिकारी की 2019 में हुई हत्या के सिलसिले में तमिलनाडु भर में कई स्थानों पर तलाशी ली।

**यहां हुई छापेमारी**

सूत्रों ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि रविवार को राज्य के मदुरै, तंजावुर, तिरुनेलवेली और मयिलादुथुरई जिलों सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई है। गौरतलब है कि प्रमुख जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के बाद तमिलनाडु में कई छापे मारे हैं।

## सरकार कर रही मंथन

# पाक के अंतरिम पीएम बन सकते हैं इशाक डार, जल्द होंगे चुनाव

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी मुस्लिम लीग- नवाज अपने वित्त मंत्री इशाक डार को देश का अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रही है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से यह खबर सामने आ रही है। बता दें कि पाकिस्तान में जल्द ही आम चुनाव होने वाले हैं। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार चुनाव कानून 2017 में बदलाव की तैयारी कर रही है, इसी के चलते इशाक डार का नाम अंतरिम प्रधानमंत्री पद के लिए चर्चा में आया है।


### चुनाव कानून में होगा बदलाव

पाक की आईएमएफ के साथ बातचीत चल रही है, वहीं पड़ोसी देश में आम चुनाव भी होने हैं। ऐसे में पाक सरकार नहीं चाहती कि आईएमएफ की देश में विदेशी निवेश को लाने योजनाओं में कोई बाधा आए, इसलिए एक्ट में बदलाव कर अंतरिम सरकार को इतने अधिकार दिए जा रहे हैं कि जरूरी आर्थिक नीतियां और गतिविधियां चलती रहें।

## एक-दूसरे पर बरसाए रॉकेट, 16 की मौत

# सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच जंग हुई और तेज

एजेंसी ▶▶ दारफुर/सूडान



सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आरएसएफ के बीच संघर्ष जारी है। इसी बीच सूडान के दारफुर में शनिवार की रात रॉकेट हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सेना और अर्धसैनिक बलों के जंग में दोनों तरफ से ही रॉकेट की बारिश की गई। रॉकेट हमले में मारे गए सभी पीड़ित आम नागरिक थे। अल जजीरा ने स्थानीय वकील संघ के हवाले से बताया कि यह झड़प मुख्य तौर पर न्याला के दक्षिण दारफुर में हुई।

### 15 अप्रैल को शुरू हुआ था संघर्ष

बीते 15 अप्रैल को सूडान की राजधानी खार्तूम में सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच युद्ध छिड़ गया था, जो महीने के अंत में दारफुर तक फैल गया, जिसमें पूरे सूडान में लगभग 3,000 लोग मारे गए। सत्ता पर कब्जे के लिए सेना और एक अर्धसैनिक समूह के बीच लड़ाई चल रही है।

## सांसद आर्टेम शेइकिन ने दिया था प्रस्ताव

# रूस के स्कूलों में बच्चे अब सीखेंगे 'लड़ाकू ड्रोन' उड़ाना मिलेगी मिलिट्री की ट्रेनिंग!

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस में स्कूली बच्चों को हथियारों की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें क्लासरूम में सिखाया जाएगा कि 'लड़ाकू ड्रोन' को किस तरह से ऑपरेट करना। रूस के स्कूली सिलेबस में हथियारों की ट्रेनिंग को ऐसे वक्त में शामिल किया जा रहा है, जब पिछले 1.5 साल से यूक्रेन संग युद्ध चल रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय ने भी इस बात की पुष्टि कर रही है। स्कूली सिलेबस के हिस्से के तौर पर बच्चों को सिखाया जाएगा कि 'अनमैन्ड एरियल व्हीकल' को जंग के मैदान में किस तरह से यूज करना है। रूस के अमूर क्षेत्र के एक सांसद आर्टेम शेइकिन ने मिलिट्री ड्रोन्स से जुड़े कोर्स का प्रस्ताव दिया है। इस कोर्स को पास भी कर दिया जाएगा और बच्चों की ड्रोन ट्रेनिंग 1 सितंबर से शुरू होने वाले नए सेशन से शुरू हो जाएगी। रूस के उपरक्षा मंत्री रुस्लान त्सालिकोव की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि 1 सितंबर से रूसी हाई स्कूल के स्टूडेंट्स ड्रोन के बारे में बेसिक बातें सिखेंगे।युद्ध के मैदान में जासूसी करना और ड्रोन उड़ाना भी बच्चों को सिखाया जाएगा।



### शिक्षा मंत्रालय से मिली ड्रोन प्रोग्राम को मंजूरी

रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि रूसी शिक्षा मंत्रालय द्वारा ड्रोन ट्रेनिंग प्रोग्राम को मंजूर कर दिया गया है। सितंबर में देशभर के एजुकेशन इंस्टीट्यूट और मिलिट्री एजुकेशन सेंटर्स में इसे लागू कर दिया जाएगा। ड्रोन ट्रेनिंग का प्रस्ताव लाने वाले सांसद आर्टेम शेइकिन का कहना है कि रूसी सेना सिर्फ क्लाशनिकोव राइफल चलाने वाली नहीं है, बल्कि इसके पास अडवांस्ड ड्रोन्स भी हैं। युद्ध में रूस के ड्रोन्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके जरिए बड़े हमलों को अंजाम दिया गया है।

### यूनिवर्सिटी में ड्रोन की पहले से ही हो रही पढ़ाई

सोवियत यूनियन के दौर में स्कूली बच्चों को बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती थी। लेकिन इसके पतन के बाद मिलिट्री ट्रेनिंग को खत्म कर दिया गया। अब एक बार फिर से बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग को लागू किया जाएगा, जिसके तहत लड़ाकू ड्रोन उड़ाने और युद्ध के तौर-तरीके सिखाए जाएंगे। मिलिट्री ट्रेनिंग 10वीं और 11वीं ग्रेड के बच्चों को दी जाएगी। मार्च में खबर आई थी कि मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में 30 हजार यूनिवर्सिटी पहले से ही ड्रोन्स से जुड़े कोर्स की पढ़ाई कर रहे हैं। इसके बाद से ही चर्चा होने लगी कि स्कूली बच्चों को भी ड्रोन्स की ट्रेनिंग मिलनी चाहिए और अबह इसका रास्ता भी साफ हो गया है।

## यूक्रेन युद्ध और पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर भी चर्चा के आसार, आज होगी मुलाकात

# भारत के एनएसए डोभाल चीन-रूस को पढ़ाएंगे शांति का पाठ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सोमवार को जोहान्सबर्ग में होने वाले ब्रिक्स देशों के एनएसए मीटिंग के मौके पर वरिष्ठ चीनी राजनयिक यांग जिएची और रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव सहित अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उम्मीद की जा रही है कि भारत के एनएसए अजीत डोभाल चीन और रूस को शांति से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। 22 से 24 अगस्त के बीच ब्रिक्स देशों के होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले एनएसए स्तर की ये बैठक काफी अहम है क्योंकि इसका एजेंडा यूक्रेन युद्ध, इंडो-पैसिफिक, धार्मिक कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करना है।

**खास बातें**

- चीनी सैनिकों की आक्रामकता के मद्देनजर महत्वपूर्ण है बैठक
- भारतीय सेना को वैध रूप से गश्त करने की अनुमति का उठेगा मुद्दा



### एनएसए डोभाल अपने समकक्षों से मिलेंगे

*सूत्रों के मुताबिक, एनएसए डोभाल ब्रिक्स रूब्रिक के तहत अपने समकक्षों से मिलेंगे, लेकिन द्विपक्षीय रूप से उनके और यांग जिएची के बीच भी बातचीत होगी। यांग जिएची चीन में विदेश मामलों का आयोग के पूर्व निदेशक हैं। दोनों नेताओं की यह मुलाकात मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों की आक्रामकता के मद्देनजर अहम मानी जा रही है। बता दें कि अभी भी पूर्वी लद्दाख में स्थिति अनिश्चितताओं से भरी है। हालांकि, वहां हालात अभी नियंत्रण में है और भारत और चीन सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं। दूसरी तरफ, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अभी भी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से पीछे नहीं हटी है।*

**यहां के एनएसए से भी बात करेंगे डोभाल**

*एनएसए डोभाल अपने करीबी दोस्त रूस, यूएई और सऊदी अरब के एनएसए से मुलाकात करेंगे और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर यूक्रेन युद्ध के प्रभाव के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दाहिने हाथ पेत्रुशेव को पूर्वी लद्दाख के साथ-साथ इंडो-पैसिफिक की स्थिति के बारे में भी चर्चा करेंगे।*

### तनाव कम करने का उठा सकते हैं मुद्दा

उम्मीद है कि एनएसए डोभाल चीनी राजनयिक के समक्ष एलएसी के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र में तनाव कम करने का मुद्दा उठा सकते हैं। हालांकि, द्विपक्षीय बातचीत से बहुत कम नतीजे निकलने की उम्मीद है क्योंकि पीएलए को अभी भी उन छह संयुक्त सशस्त्र ब्रिगेड वापस भेजने हैं जिनकी तैनाती 2022 में नेशनल पार्टी कांग्रेस के दौरान की गई थी। इन छह ब्रिगेडों को अति-संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर, विशेषकर तवांग में तैनात किया गया है। पूर्वी क्षेत्र में पीएलए के नए खतरे के कारण ही भारतीय सेना ने चुनौती का मुकाबला करने के लिए इस क्षेत्र में काफी सैन्य ताकत झोंक रखी है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com